हिन्दी दैनिक

राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर से प्रकाशित

RNI No. : JHAHIN - 01092

rashtrasamvad.com

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर,
गुरूवार 6 फरवरी 2025

नगर संस्करण
वर्षः 01,अंकः265

सुविचार

त्याग और परिश्रम भी उसी चीज के लिए करे जो आपको अपना समझते है ।

मुख्यमंत्री सोरेन दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट - 2025 के आठवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में हुए शामिल

- मुख्यमंत्री ने कहा- ग्लोबल बिजनेस समिट से एक राज्य का दूसरे राज्यों तथा अन्य देशों से बेहतर व्यापारिक रिश्ते बनते हैं ।
- मुख्यमंत्री ने कहा- निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं ।

झारखंड और बंगाल कई मामलों में एक जैसी गतिविधियों के साथ बढ़ रहे हैं आगे:हेमन्त सोरेन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

कोलकाता/रांची। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जिस तेजी से आज तकनीक बदल रहे हैं। उसमें एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए राज्यों के बीच बेहतर संबंध, समन्वय तथा भागीदारी होना अत्यंत जरूरी है। इस कड़ी में राज्यों में आयोजित होने वाले ग्लोबल बिजनेस जैसे समिट की काफी निर्णायक भूमिका होती है। इससे एक राज्य का अन्य राज्यों तथा देशों से बेहतर व्यापारिक रिश्ते बनते हैं। निवेश और नई टेक्नोलॉजी से विकास की नई संभावनाएं बनती है। मुख्यमंत्री आज बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर, न्यू टाउन, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आज से शुरू हो रहे दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट - 2025 के आठवें संस्करण के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे इस समिट में देश - विदेश के कई गणमान्य, उद्यमी एवं निवेशक भाग ले रहे हैं।

झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएँ, उद्यमियों का स्वागत है :मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिट में मुझे देश -विदेश से आये मेहमानों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से मिलने का मौका मिल रहा है। इससे यह जानने- समझने का अवसर मिलेगा कि निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास की दिशा में कैसे आगे बढ़ सकते हैं। मैं इसी आशा और उम्मीद से बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट - 2025 में आए उद्यमियों तथा निवेशकों को झारखंड आमंत्रित करता हूं । आप निवेश करें, ताकि विकास के मामले में झारखंड राज्य भी तेजी से आगे बढ़े।

देश की अर्थव्यवस्था में झारखंड का अहम रोल :मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का एक ऐसा राज्य है, जहां देश का लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधन पाया जाता है। कई खनिज एवं उद्योगों के लिए जरूरी रॉ मैटेरियल्स का झारखंड सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था में यह राज्य अहम भूमिका निभाता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां कई खनिज आधारित उद्योग लंबे समय से स्थापित हैं। कई औद्योगिक घरानों ने यहां निवेश किया है। लेकिन, वर्तमान परिवेश में इस राज्य को और आगे ले जाने की जरूरत है। इसके लिए यहां नए-नए उद्योग लगे, इसके लिए नए सिरे से पहल कर रहे हैं।

खनिजों के अलावा अन्य सेक्टर में भी अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज आधारित उद्योगों के साथ-साथ कला-संस्कृति एवं पर्यटन जैसे अनेकों क्षेत्र में विकास और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड देश का सबसे ज्यादा तसर उत्पादक राज्य है, ऐसे में टेक्सटाइल क्षेत्र में भी यह राज्य आगे बढ़ सकता है। कला- संस्कृति के मामले में झारखंड की गिनती समृद्ध राज्यों में होती है । यहां के नेचुरल ब्यूटी को देखते हुए पर्यटन के क्षेत्र में भी झारखंड निवेशकों की पहली पसंद बन सकता है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप झारखंड आएं, सरकार आपको पूरा सहयोग करेगी।

झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई गतिविधियां एक जैसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल एक- दूसरे से काफी करीब हैं। इन दोनों ही राज्यों में चल रही कई गतिविधियां एक जैसी ही है। ऐसे में यह बताना मुश्किल है कि कौन गतिविधि झारखंड और कौन बंगाल की है । दोनों ही राज्य कई मामलों में एक जैसी गतिविधियों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस तरह की पहल से दोनों ही राज्यों के समग्र विकास का नया रास्ता खुल रहा है।

महाकुंभ के 24वें दिन मोदी की संगम में डुबकी

बोले:करोड़ों लोगों की तरह, मैं भी भक्ति भावना से भर गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

महाकुंभ नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने हाथ में रुद्राक्ष लेकर मंत्रोच्चारण भी किया। साथ ही गंगा मैया में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने भगवान भास्कर को अर्घ्य भी दिया। पीएम मोदी ने महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार साझा किए। साथ ही कई फोटो भी शेयर की।

पीएम मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का एक क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह, मैं भी भक्ति की भावना से भर गया।

उन्होंने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक के बाद एक कई पोस्ट किए।

उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर-हर गंगे!

दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, प्रयागराज के दिव्य-भव्य महाकुंभ में आस्था, भक्ति और अध्यात्म का संगम हर किसी को अभिभूत कर रहा है। पावन-पुण्य कुंभ में स्नान की कुछ तस्वीरें प्रयागराज पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने किया। इससे पूर्व पीएम मोदी ने महाकुंभ की शुरुआत से एक माह पूर्व 13 दिसंबर को प्रयागराज का दौरा किया था और 5,500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इसमें यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और डेवलपमेंट के साथ-साथ आरओबी फ्लाईओवर, सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण की प्रमुख परियोजनाएं शामिल थीं।

दिल्ली चुनाव : एग्जिट पोल में दिल्ली में मोदी मैजिक, सरकार बनाने से चूके केजरीवाल !

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर बुधवार को वोट डाले गए। मतदान होने के साथ ही 699 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। चुनाव खत्म होने के साथ ही कई एजेंसियों के एग्जिट पोल सामने आए। अधिकांश एग्जिट पोल के अनुसार, राजधानी दिल्ली में बड़ा उलटफेर दिख रहा है। इस बार दिल्ली में मोदी मैजिक के आसार दिख रहे हैं। एग्जिट पोल्स के मुताबिक, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार बनाने से चूक सकते हैं।

सबसे पहले मैटराइज एग्जिट पोल की बात करें तो इसके मुताबिक, दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कमल खिल सकता है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लग सकता है और आप सत्ता में वापसी करती नहीं दिख रही है। मैटराइज एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 32-37 सीटें मिल सकती हैं, जबकि भाजपा के 35-40 सीटों के साथ दिल्ली में सरकार बनाने का अनुमान जताया गया है। कांग्रेस को एक सीट मिलती दिख रही है।जेवीसी के अनुसार, भाजपा को 39 से 45, आप को 22-31 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं, कांग्रेस को 0-2 और अन्य को 0-1 सीट मिलने का अनुमान है।

चाणक्य स्ट्रैटेजीज एग्जिट पोल के मुताबिक, भाजपा को 39-44 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) को 25-28 और कांग्रेस को 2-3 सीट मिलने की संभावना जताई गई है।

पीपल्स पल्स एग्जिट पोल के अनुसार, भाजपा को प्रचंड बहुमत मिल सकता है, भाजपा को 51-60 और आम आदमी पार्टी (आप) को 10-19 सीटें मिलने की संभावना है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोलती दिख रही है।

SONA DEVI UNIVERSITY
Recognised by UGC & PCI, New Delhi
Ghatsila, Jamshedpur

Courses Offered

School of Commerce & Management
BBA, MBA, B.Com (Hons), M.Com
BBA Enterprise, MBA Enterprise,
PG Diploma in Logistics & Supply Chain Management

School of Engineering & Technology
B. Tech in CSE
B. Tech CSE in AI & ML
B. Tech CSE in Data Science
B. Tech CSE in Cyber Security
Diploma in Civil, Electrical, Mechanical & Computer Science
PG Diploma in Disaster Risk Reduction Mgmt.

School of IT & Computer Science
BCA, BCA - Industry Integrated
MCA, B. Sc. (IT), M.Sc. (CS)

School of Science
B. Sc. (Hons), M. Sc.
B. Sc. (Biotech.), B. Sc. (Biochem.)
B. Sc. (Electronic Science)

School of Humanities & Social Sciences
B.A. (Hons.), M.A.
PG Diploma in Clinical Psychology
PG Diploma in Rural Development Mgmt.

School of Agriculture Sciences
B. Sc. (Agriculture)
B. Sc. (Fisheries Science)

School of Pharmacy
D. Pharm
B. Pharm

School of Library & Information Science
B. Lib
M. Lib
PG Diploma in Lib & Info Science

School of Research
Ph.D

School of Yoga & Naturopathy
Diploma in Yoga & Naturopathy
PG Diploma in Yoga & Naturopathy,
B.A. in Yoga & Naturopathy
B.A.(Hons.) in Yoga & Naturopathy
M.A. in Yoga & Naturopathy

School of Performing Fine Arts
DPFA, BPFA & MPFA

Hostel Accommodation
University Bus Service Facility
Our Placement & Internship Partners

Campus :
Kitadih, PO & PS Ghatsila, North Moubhandar, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand 832303
City Office :
Gajraj Mansion, Bistupur, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand 831001

Call us on :
1800 309 2626 | 911337 2397
987 309 2626
www.sonadeviuniversity.com

हम RSB Group (आरएसबी ग्रुप), एक पथप्रदर्शक वैश्विक इंजीनियरिंग संस्थान और भारत के प्रमुख ऑटो कंपोनेंट निर्माता हैं, जिनका कारोबार 3000 करोड़ रुपये से अधिक है और 5500 से अधिक कर्मचारियों का एक विशाल परिवार है। RSB Group (आरएसबी ग्रुप) की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए हम एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर खड़े हैं। जो एकता और अपराजेयता पर आधारित एक यात्रा है।

ये विलक्षण 50 वर्ष हमारी प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं: अभूतपूर्व नवाचार के साथ ग्राहकों को प्रत्युत्तर देना, असीम अनुकंपा के साथ हमारे समुदाय को सेवा प्रदान करना और गर्वपूर्ण रूप से राष्ट्र का निर्माण करना।

एक संस्थान के रूप में, हम भारतीय और वैश्विक ओईएम (OEMs) दोनों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रह कर प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर रहे हैं। उत्कृष्टता प्रदान करना और प्रतिमान परिवर्तन को उत्प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना हमारा दृष्टिकोण है।

नवाचार को केंद्र में रखते हुए, हमने व्यापक उत्पाद डिज़ाइन, विकास और परीक्षण सुविधा का विकास किया है, जो हमें अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। हम पैसेंजर कार से ले कर कृषि, निर्माण और खनन, मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहन और इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

आरएसबी ग्रुप एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है
जहाँ गहन प्रभाव के पीछे नवाचार प्रेरक शक्ति हो।

RSB 50 Years of Engineering Excellence

15+ प्लांट्स | 3000+ करोड़ की आय | 5500+ कर्मचारी | 20+ उत्पाद

कॉर्पोरेट कार्यालय:
आरएसबी ट्रान्समिशन्स (आई) लिमिटेड, कार्यालय नंबर 201/2/3/4, पेंटागन I, दूसरी मंज़िल, मगरपट्टा सिटी, हडपसर, पुणे - 411 013, भारत | फ़ोन: +91-20-6709 2100 | ईमेल: info@rsbglobal.com
वेब: www.rsbglobal.com

गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी चापानलों को युद्धस्तर पर दुरुस्त करने का निर्देश; पानी की नहीं होनी चाहिए किल्लत:उपायुक्त कुमुद सहाय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जामताड़ा: उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा श्रीमती कुमुद सहाय (भा०प्र०से०) की अध्यक्षता में विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित तकनीकी विभाग की समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई।

बैठक में जामताड़ा जिला अंतर्गत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं से संबंधित तकनीकी विभागों यथा ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिंचाई प्रमंडल जामताड़ा एवं कुंडहित, लघु सिंचाई, भवन, पथ, विद्युत, पेयजल एवं स्वच्छता, ग्रामीण कार्य एवं एनआरईपी आदि द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विभागवार समीक्षा किया गया।

बैठक में समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभागों की समीक्षा करते हए उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित प्रगति हेतु कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में कोई कार्य अधूरा नहीं रहे, जल्द से जल्द पूर्ण करें। उन्होंने समीक्षा के क्रम में लघु सिंचाई प्रमंडल को चालू वित्तीय वर्ष के योजनाओं का जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें, वहीं कई कार्य अब तक शुरू नहीं होने पर सभी स्कीम के कार्य को 15 दिनों के अंदर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।

वहीं प्रधान सहायक विकास शाखा को ससमय संचिकीय कार्य नहीं करने को लेकर कार्रवाई करते हुए अगले आदेश तक के लिए वेतन बंद करने का निर्देश दिया।

वहीं विशेष प्रमंडल संचालित कार्यों/योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया, कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, कार्य को जल्दी पूर्ण करें। वहीं पर्यटन, डीएमएफटी/अनाबद्ध योजना से संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल की किल्लत नहीं हो। उन्होंने सभी चापानलों आदि को युद्धस्तर पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा के क्रम में ग्राम सड़क योजना के तहत किए जा रहे कार्यों सहित अन्य संचालित योजनाओं के प्रगति की जानकारी लेते हुए इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया। इसके अलावा भवन प्रमंडल की समीक्षा करते हुए जितने भी कार्य किए जा रहे हैं उसे क्वालिटी के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। अनाबद्ध निधि के तहत कार्यान्वित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं पथ प्रमंडल के तहत कार्यों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया, इसके अलावा भू अर्जन से संबंधित रैयतों को मुआवजा भुगतान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

अवैध बालू एवं पत्थर ले जाते सात वाहन को किया जप्त

निजाम खान । राष्ट्र संवाद

दुमका: उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार ने अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। 24 घंटे के अंदर अवैध तरीके से बालू एवं पत्थर चिप्स ले जाते सात वाहनों को बालू एवं चिप्स समेत जप्त किया है एवं वाहनों को पुलिस के सुपूर्द कर दिया।

खान निरीक्षक के नेतृत्व में हुई छापेमारी

डीएमओ आनंद कुमार के निर्देश पर खान निरीक्षक गौरव कुमार एवं ब्रह्मदेव यादव के द्वारा 24 घंटे के अंदर दुमका के हरिपूर एवं रिंग रोड़ में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर छापेमारी की गयी,जहां मंगलवार की शाम रिंग रोड से अवैध पत्थर चिप्स ले जाते खान निरीक्षक गौरव कुमार ने तीन वाहन को जप्त किया,जबकि हरिपूर में बुधवार को अवैध बालू ले जाते चार ट्रैक्टर को जप्त किया। सभी जप्त वाहनों को पुलिस के सुपूर्द कर दिया गया है। 1610 सीएफटी पत्थर चिप्स एवं 400 सीएफटी बालू हुआ जप्त।

संक्षिप्त खबरें

मंदिरों के गाँव से प्रसिद्ध मलूटी में 18 वीं राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

निजाम खान । राष्ट्र संवाद

दुमका: मंदिरों का गांव मलूटी में 5 जनवरी से तीन दिनों तक चलने वाली 18वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें राज्य भर के 16 टीम में भाग ले रही है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन दुमका सांसद नलिन सोरेन,जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा ,उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया।इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर मंडल शिकारीपाड़ा से जिला परिषद के दो जिप सदस्य ,डीटीओ जयप्रकाश करमाली के अलावा शिकारीपाड़ा के बीडीओ,सीओ और थाना प्रभारी भी मौजूद थे।

पहला मुकाबला दुमका और लोहरदगा के बीच हुआ। उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में दुमका सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि मलूटी पर्यटन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखता है। इस आयोजन से मंदिरों के इस गांव का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में खेल का विशेष महत्व होता है । इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं जीवन मे खेल के महत्व के बारे में बताया।

संक्षिप्त खबरें

कोडरमा: आइसक्रीम खाने से 15 लोग हुए बीमार, अस्पताल में इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

कोडरमा: जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र स्थित आरागारो गांव में एक समारोह के दौरान आइसक्रीम खाने से लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे और महिलाएं बीमार हो गए। जानकारी के अनुसार, आइसक्रीम विक्रेता से खरीदकर खाई गई आइसक्रीम के सेवन के कुछ ही समय बाद सभी की जीभ और तालु आपस में चिपकने लगे। इस पर घबराए हुए ग्रामीणों ने तुरंत सभी पीड़ितों को कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचाया।

कोडरमा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही इमरजेंसी वार्ड में अतिरिक्त चिकित्सकों की तैनाती की गई। अस्पताल में इलाज के दौरान सभी बीमारों को दवाइयां दी गईं और अब वे सभी खतरे से बाहर हैं। डॉ. कुमार ने बताया कि यह घटना एक आइसक्रीम की गुणवत्ता से जुड़ी हो सकती है, और इस मामले की जांच की जा रही है। सभी मरीजों की स्थिति अब सामान्य है और उन्हें घर भेज दिया गया है।

धनबाद: गैंग्स्टर प्रिंस खान के चार गुर्गे गिरफ्तार, बम और हथियार बरामद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

धनबाद – पुलिस ने गैंग्स्टर प्रिंस खान के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से चार सुतली बम, एक देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। डीएसपी विधि व्यवस्था, नौशाद आलम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसएसपी के निर्देश पर बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। पुलिस टीम ने जब दबिश दी, तो अपराधी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन चार को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में वासेपर निवासी गोलू रवानी, मटकुरिया चेक पोस्ट का सोनू कुमार नायक और करकेंद बाजार के सचिन यादव शामिल हैं। सभी पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि ये सभी प्रिंस खान के गुर्गे हैं, जो इलाके में बमबाजी कर दहशत फैलाने की योजना बना रहे थे।

श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने जाने कथा के मर्म

फतेहपुर: फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत खामारवाद पंचायत के कालूपहाड़ी गाँव बजरंगवली मंदिर परिसर में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रथम दिन श्रीमद् भागवत महातम्य,भक्ति नारद गोकर्ण उपाख्यान सूत शोनक, व्यास नारद संवाद, राजा परीक्षित द्वारा कलि निग्रह श्री शुकागमन कथा वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। नवद्वीप (नदीया) धाम के कथावाचक श्याम सुंदर चक्रवर्ती महाराज ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है।

तेलकियारी गाँव में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

कमार्टांड़ प्रखंड के तेलकियारी गाँव में हर बर्ष भाँति इस बर्ष भी सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में बुधवार को एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डांस, म्यूजिक चेयर सहित कई खेलों का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रथम, दितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगीयो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।बता दे की डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका दत्ता वही दितीय स्थान लिसा दत्ता और तृतीय स्थान मामन सेन ने प्राप्त किया। वही म्यूजिक चेयर में सुकू सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, और थ्रो बॉल में अंकन दत्ता ने जीत दर्ज किया।

सरस्वती पूजा पर एस एम म्यूजिकल डांस धमाका की तत्वाधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

नाला प्रखंड क्षेत्र के दलाबड़ गांव में मंगलवार देर रात को बसंत पंचमी सरस्वती पूजा के अवसर पर एस एम म्यूजिकल डांस धमाका की तत्वाधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई।गांव के बच्चों एवं कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत और नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

टंडवा में एक दिवसीय दौरे के दौरान मंत्री इरफान का स्वागत

निजाम खान ।राष्ट्र संवाद

आज टंडवा में एक दिवसीय दौरे के दौरान मेरा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कामता में वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह जी के 168वें शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैंने इन वीर सपूतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मैंने कहा, ₹शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह जैसे वीरों के बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उनका संघर्ष, उनका त्याग हमें प्रेरित करता है कि हम अपने समाज और देश की सेवा निष्ठा और ईमानदारी से करें। झारखंड की माटी ने अनगिनत वीर सपूतों को जन्म दिया है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें उनके विचारों को आत्मसात कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए और इन महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता जी, पूर्व विधायक सिमरिया किसुन दास जी, पूर्व विधायक बरही उमा शंकर अकेला यादव, प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस गुंजन सिंह, मो. सुभान मियाँ, मो. अतीक मंसूरी, जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप, प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी समेत सैकड़ों गणमान्य जन उपस्थित रहे।

उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में नियुक्ति प्रक्रिया पर बैठक संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें चौकीदार, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर चर्चा हुई। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया और नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में योग्यता, अनुभव और सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों का सख्ती से पालन किया जाए। इस अवसर पर पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि भर्ती प्रक्रिया में कोई भी अनियमितता न हो और सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच सुनिश्चित की जाए। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुशील कुमार मुर्मू उपस्थित थे।

उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गोपीकांदर एवं काठीकुंड प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया

दुमका: उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने आज गोपीकांदर एवं काठीकुंड प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल के कई अभिलेखों का अवलोकन किया एवं सभी अभिलेखों को दुरुस्त रखने की बात कही। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में गोपीकांदर प्रखंड कार्यालय में आमजनों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी विभिन्न शिकायतों व कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों कहा कि सभी योग्य लाभुकों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करें।

जामुरिया बिनोद रुइदास की कुम्भ मेला में भगदड़ के दौरान हुई दुखद मृत्यु, प्रशासन ने शव घर पहुँचाया

जामताड़ा समीम अंसारी

जामुरिया विधानसभा क्षेत्र के बिनोद रुइदास, जो एक ओटो चालक थे, की कुम्भ मेला में भागदौड़ के दौरान दुखद मृत्यु हो गई। उनकी आकस्मिक मौत ने उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ा दी है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

आरजेडी के जिला अध्यक्ष और क्षेत्र के प्रतिष्ठित नेता हैदर मंडल, बिनोद रुइदास के परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करने उनके घर पहुँचे। इस दुख की घड़ी में उन्होंने बिनोद रुइदास के परिवार को आश्वासन दिया कि उनके बेटे या बेटी को पारिवारिक लाभ के रूप में एक परवेट नौकरी प्रदान की जाएगी, ताकि उनके परिवार की कठिनाइयों को कुछ हद तक कम किया जा सके।

हैदर मंडल ने यह भी वादा किया कि प्रशासन द्वारा हर संभव मदद की जाएगी, और उन्होंने बिनोद रुइदास के परिवार को यह विश्वास दिलाया।

पूर्व सांसद फुरकान अंसारी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया

राष्ट्र संवाद संवाददातदा

देवघर: कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं एवं समर्थकों ने आज पूर्व सांसद जनाब फुरकान अंसारी साहब का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने केक काटकर सभी का मुंह मीठा कराया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने पूर्व सांसद को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दीं और उनकी लंबी उम्र की कामना की। उपस्थित लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि जनाब फुरकान अंसारी जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक और दो बार मंत्री रह चुके हैं। जनता से उनका गहरा जुड़ाव है। वे हमेशा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उपस्थित समर्थकों ने कहा कि पूर्व सांसद एक अनुभवी एवं प्रभावशाली नेता हैं, जिनकी प्रशासनिक समझ और कार्य करने की शैली उन्हें अलग बनाती है। वे खासतौर पर गरीबों एवं वंचित वर्ग के लिए संघर्षरत रहते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। उनका प्रभाव आज भी प्रशासनिक महकमों में कायम है, जिससे जनता की समस्याओं को शीघ्र समाधान मिलता है।

पटनिया टोला में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन विजेताओं को किया गया सम्मानित

करमाटांड़: प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पटनिया टोला स्थित माता सरस्वती पूजा समिति द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर म्यूजिकल चेयर, बोल पासिंग गेम, कैंडल लाइट गेम एवं दौड़ प्रतियोगिता जैसी कई मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कमेटी के सदस्यों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त, सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कमेटी के प्रमुख सदस्यों, जिनमें पूजा सत्यम गुप्ता, गोलू गुप्ता, हर्षित कुमार, साहिल शाह, राज कुमार सहित अन्य दर्जनों लोगों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में माता सरस्वती की प्रतिमा के विसर्जन का आयोजन किया गया।

धनबाद कट्रश के सांसद टुल्लू महतो के निवास पर भव्य राम मंदिर प्रतिष्ठा उद्घाटन

जामताड़ा समीम अंसारी

धनबाद कट्रश के सांसद टुल्लू महतो के निवास पर आज एक भव्य राम मंदिर प्रतिष्ठा उद्घाटन कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। यह यात्रा विशेष रूप से राम मंदिर की प्रतिष्ठा को लेकर जागरूकता फैलाने और धार्मिक आस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस समारोह में बागमारा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक सरथ महतो और पश्चिम बर्धमान के आरजेडी जिला अध्यक्ष हैदर मंडल भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सांसद टुल्लू महतो के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण था, जहां भक्तों ने मंदिर की प्रतिष्ठा हेतु विशेष पूजा अर्चना की।

महिला एवं किशोरी कल्याण योजना का लाभ योग्य लाभुक उठाएं : उपायुक्त

राष्ट्र संवाद, जामताड़ा: उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा श्रीमती कुमुद सहाय (भा०प्र०से०) ने बताया कि सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एव सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के स्वीकृति आदेश के आलोक में किशोरियों एवं महिलाओं को सुदृढ़ पोषण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएँ उपलब्ध कराकर एवं इनमें एतद् संबंधी अच्छी आदतें प्रबुद्ध करने सहित महिलाओं से संबंधित उत्कृष्ट सामजिक रिवाज प्रवृत्त करने ताकि किशोरियों एवं महिलाओं के लिए एक सशक्त एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण कर उनका कल्याण एवं सशक्तीकरण सुनिश्चित किया जा सकें।

अवैध अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई झ करीब 20 करोड़ रुपये की फसल नष्ट

राष्ट्र संवाद संवाददाता : अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सोन नदी के दियरा इलाके में सोनडीला के पास बड़े पैमाने पर अवैध अफीम की खेती की जा रही है। सूचना की पुष्टि हेतु भौतिक सत्यापन कराया गया। इलाके की परिस्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया, पलामू के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद द्वारा पुलिस अधीक्षक, रोहतास से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की योजना बनाई गई।

पुलिस अधीक्षक, रोहतास के नेतृत्व में दिनांक 04/02/2025 को संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें रोहतास पुलिस के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद के निदेर्शानुसार पलामू पुलिस भी शामिल रही। छापेमारी अभियान के दौरान लगभग 8 बीघा भूमि पर अवैध रूप से उगाई गई अफीम की खेती जब्त की गई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 20 करोड़ रुपये आंका गया। एफएसएल टीम, रोहतास द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलन के बाद दंडाधिकारी की मौजूदगी में अफीम के पौधों को नष्ट किया गया।

मध्य विद्यालय फतेहपुर में गुरु गोष्ठी हुआ आयोजन

फतेहपुर, राष्ट्र संवाद सं

फतेहपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय में बूधवार को बीईईओ मिलन कुमार घोष की अध्यक्षता में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। एवं सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी दौरान बीईईओ मिलन कुमार घोष ने 17 मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा किया गया और सभी विद्यालयों में मध्यान भोजन योजना छात्र-छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थित एमडीएम मीनू आधारित ई विद्या वाहिनी में एसएमएस करना विद्यालय विकास एवं अनुदान राशि का सदुपयोग कराना तथा शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा सरकार के अपार आईडी कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। विद्यालय संचालन अवधि में किसी तरह का कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन-जिन छात्रों का आधार एवं बैंक खाता नहीं बना है अभिलंब बनवाने का कार्य करें। प्रयास कार्यक्रम, रसोईया आष्युमान भारत, पोषण वाटिका, घंटी साफ-सफाई सामूहिक प्रार्थना सभा, एमडीएम एसएमएस शत-प्रतिशत 11 बजे तक,आपार आईडी छात्र-छात्राओं को गुड हैंडराइटिंग हेतु प्रत्साहित करना ही समीक्षा आदि के बारे में जानकारी दिया। इसी दौरान अपने संबोधन में बीईईओ के कहा कि पत्रकार की भूमिका प्रजातंत्र में अहम है।

बोर्ड के पास प्रदूषण के रियल टाइम आंकड़े नहीः सरयू राय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

वायु प्रदूषणः सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को लिखा पत्र

बोर्ड ने अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन नहीं किया

मेरे सवाल का भी विधानसभा में भ्रामक जवाब दिया गया

जमशेदपुर। जमसेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिख कर जमशेदपुर में वायु प्रदूषण की जांच की तरफ उनका ध्यान आकर्षित किया है।

सरयू राय ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि जमशेदपुर के कुछ अखबारों के अनुसार, मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार आपके स्तर से उपर्युक्त विषय में एक टीम गठित की गई है जिसने कल जमशेदपुर के प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है और आगे राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वर से प्रासंगिक आंकड़े प्राप्त कर टीम इस बारे में ठोस निष्कर्ष पर पहुंचेगी.

श्री राय ने लिखा कि जमशेदपुर के वायु प्रदूषण पर मुख्यमंत्री की गम्भीरता और तदनुसार आपके

स्तर से की गई पहल सराहनीय है, परंतु उन्हें (श्री राय) इस पहल की सफलता पर संदेह है. कारण यह है कि जमशेदपुर में ऑनलाइन रियल टाइम प्रदूषण के सही आंकड़े राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास नहीं है. इस संबंध में बोर्ड ने अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन नहीं किया है. विगत दिनों जमशेदपुर सहित झारखंड के अन्य स्थानों पर प्रदूषण की स्थिति के बारे में विधानसभा में पूछे गए मेरे एक प्रश्न के भ्रामक उत्तर, कहा जाय तो गलत उत्तर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिया है.

श्री राय ने लिखा कि एंबियंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड, 2009 के अनुसार, वायु प्रदूषण के 12 पैरामीटर्स को ऑनलाइन रियल टाईम प्रदर्शित करने के लिए फैक्ट्रियों के भीतर और बाहर सीएएक्यूएमएस (कंटीन्यूअस एंबियंट एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग सिस्टम) स्थापित करना है. कुछ ही फैक्टरियों ने यह सिस्टम स्थापित किया है वह भी सभी 12 पैरामीटर्स के लिए नहीं. जिन फैक्टरियों ने अपने चहारदीवारी के भीतर यह सिस्टम लगाया है, वे भी इसके सेंसर के साथ छेड़छाड करते रहती हैं. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इसके प्रति कभी गंभीर नहीं रहा है. इन आंकड़ों की मैनुअल आकस्मिक जांच तो बोर्ड ने कभी किया ही नहीं है.

जमशेदपुर में एक भी सीएएक्यूएमएस स्थापित नहीं है. फिर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जमशेदपुर के प्रदूषण के आँकड़े कहाँ से मिलेंगे?

श्री राय ने लिखा कि मुख्यमंत्री को पता होना चाहिए कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव और अध्यक्ष की नियमानुसार नियुक्ति कई वर्षों से नहीं हुई है. इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना राज्य सरकार करते आ रही है. हाईकोर्ट में इस मामले में अवमानना का मुकदमा चल रहा है, फिर भी सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है. फि लहाल वन विभाग के जो अधिकारी राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर हैं, वह तीन अति महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्त हैं. ऐसी स्थिति में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कामयाब नहीं है और बढ़ते प्रदूषण के आंकड़े उसके सर्वर से बाहर हैं तो इसके लिए कौन दोषी है?

लंबित म्यूटेशन के निष्पादन हेतु सप्ताह में हल्कावार दो दिन कैम्प होगा आयोजित :अपर उपायुक्त

राष्ट्र संवाद संवाददाता

समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार राजस्व विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई । अपर उपायुक्त श्री भगीरथ प्रसाद की अध्यक्षता में आहूत बैठक में जमीन का म्यूटेशन, सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, मयूटेशन अपील, भूमि सीमांकन, परिसोधन, ऑनलाइन लगान, भू-अधिग्रहण में प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम घाटशिला श्री सुनील चंद्र, एलआरडीसी घाटशिला एवं धालभूम, सभी सीओ, सब रजिस्ट्रार जमशेदपुर, सीआई, हल्का कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहे

समीक्षा के क्रम में लंबित म्यूटेशन के आवेदनों को लेकर अपर उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा में ही आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें। वैसे आवेदन जो 90 दिनों से ज्यादा लंबित हैं उन्हें यथाशीघ्र निष्पादित करें। म्यूटेशन के कुल आवेदनों में 37 फीसदी आवेदन रिजेक्ट होने पर सभी सीओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि रिजेक्शन की स्थिति में कारण का स्पष्ट उल्लेख हो। वहीं शहरी क्षेत्र अंतर्गत आवसीय सोसायटी के फ्लैट के लंबित म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन हेतु कुल रकवा के आधार पर म्यूटेशन करने का निर्देश दिया गया। लम्बित म्यूटेशन के शीघ्र निष्पादन हेतु हल्कावार सप्ताह में दो दिन कैम्प आयोजित करने का निर्देश दिया गया। सक्सेशन म्यूटेशन को लेकर सभी अंचल को निर्देशित किया गया कि सभी तहसील कचहरी और अंचल कार्यालय में इस आशय का सूचना डिस्पले किया जाए कि सुओ मोटो और सक्सेशन म्यूटेशन के आवेदन के साथ क्या-क्या कागजात जमा करना है ताकि लोगों को बार-बार अंचल का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

शहर में बढ़ते आपराधिक व चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए वरीय आरक्षी अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जनता दल (यूनाइटेड) जमशेदपुर महानगर का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ नेता सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला के वरीय आरक्षी अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा और शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं व अपराध पर रोक लगाने के लिए मांग की. जदयू नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा की आप अवगत होंगे कि विगत कुछ महीनो से जमशेदपुर शहर में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है. आए दिन चोरी, डकैती, लूट, छिनताई, हत्या सहित अन्य जघन्य अपराध की घटनाएं घटित हो रही है.

हाल के दिनों में जमशेदपुर के विभिन्न इलाकों से चोरी की वारदातें सबसे अधिक सामने आई है. बदमाश चोर जमशेदपुर के विभिन्न सोसाइटी में बंद फ्लैटों को निशाना बना रहे हैं. लोगों के घरों में घुसकर उनके अलमारी में रखे नगद रुपए व जेवरात की डकैती कर फरार हो जा रहे हैं. स्थिति जमशेदपुर की दिन प्रतिदिन भयावह होते जा रही है. इसी के समांतर शहर में गोली चालन की घटनाएं भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है. माफिया गिरोह सक्रिय है और पुरानी रंजिश में हत्या जैसे संगीन अपराध हो रहे हैं.

अपराध व चोरी की वारदातों का मुख्य कारण शहर में बढ़ते नशाखोरी, मटका अड्डा, सहित अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार है. शहर में पिछले कुछ वर्षों से नशे को कारोबार फल झफूल रहा है लेकिन प्रशासन इस पर रोक लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है. नशे से ग्रस्त में लोग अपराध के रास्ते पर जाते हैं. परिणामस्वरूप क्राइम का ग्राफ दिनोंदिन बढ़ते जा रहा है.

जदयू नेताओं ने मांग की जिला प्रशासन जमशेदपुर में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर तत्काल लगाम लगाने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए. इस दौरान मुख्य रूप से जदयू नेता कुलविंदर सिंह पन्नू, प्रवीण सिंह, आकाश शाह, आदि उपस्थित थे.

उपायुक्त के निदेर्शानुसार मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बाल संरक्षण के मुद्दे पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

राष्ट्र संवाद संवाददाता

उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार टाउन हॉल, सिदगोड़ा में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बाल संरक्षण के मुद्दे पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, रूरल एसपी श्री ऋषभ गर्ग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो, सभी बीडीओ व अन्य स्टेक होल्डर उपस्थित रहे। मिशन वात्सल्य के स्पॉन्सरशिप योजना, फॉस्टर केयर योजना एवं बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही चाइल्ड प्रोटेक्शन पॉलिसी, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग, सड़क पर जीवनयापन करने वाले बच्चों के लिये नीति, बाल श्रम, बाल व्यापार, बाल विवाह, बाल संरक्षण, पॉक्सो, किशोर न्याय अधिनियम, बच्चों से जुड़े अन्य कानून पर चर्चा की गई तथा विभिन्न स्टेकहोल्डर का उन्मुखीकरण किया गया ।

उप विकास आयुक्त सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने उपस्थित सदस्यों से अपील किया कि वे किशोर-किशोरियों की सुरक्षा और उनके समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी स्टेकहोल्डर का दायित्व है कि न केवल ऐसे बच्चों के शैक्षणिक विकास में बल्कि उनके मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक कल्याण में भी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने बाल सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम और मिशन वात्सल्य जैसी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया, साथ ही बच्चों को उनके अधिकारों, अवसरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने की अपील की। एसडीएम धालभूम ने लोगों से अपील किया कि वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन की सुविधा के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए ताकि पीड़ितों को मदद मिल सके । उन्होन सखी-वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन नंबर-9430123165, टोल फ्रीनं- 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098 को ज्यादा से ज्यादा प्रसारित करने की बात कही जिससे निजी एवं सार्वजनिक स्थलों पर परिवार, समुदाय, कार्यस्थल के अंदर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक दुर्व्यवहार एवं हिंसा से पीड़ित महिलाओं का सहयोग किया जा सके।

रूरल एसपी ने कहा कि जो भी बच्चे अपने राह से भटक गए हैं उन्हें वापस मुख्यधारा से जोड़ने तथा पुनर्वास करने का एक संपूर्ण मिशन है । उन्होने कहा कि मिशन वात्सल्य एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा, कल्याण एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है।

अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम द्वारा वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन का किया गया औचक निरीक्षण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार द्वारा रेडक्रॉस भवन के तीसरे तल में अवस्थित सखी- वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री चंद्रजीत सिंह एवं सुदीप्त राज उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उन्होने वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सुविधा, काउंसलर, चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति, विधिक सहायता एवं परामर्श, पुलिस सहायता इत्यादि सुविधाओं की जानकारी ली । रात्रि प्रहरी नहीं होने के कारण वर्तमान में पीड़ित महिलाओं को नाईट स्टे नहीं कराया जाता है, इसपर यथाशीघ्र रात्रि प्रहरी के प्रतिनियुक्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया। साथ ही अलग-अलग किचेन एवं वॉशरूम बनाने को लेकर निर्देशित किया । वहीं व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किए जाने, साफ-सफाई को लेकर निर्देशित किया गया ।

गौरतलब है कि निजी एवं सार्वजनिक स्थलों पर परिवार, समुदाय, कार्यस्थल के अंदर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक दुर्व्यवहार एवं हिंसा से पीड़ित महिलाओं के सहयोग के लिए सखी-वन स्टॉप सेन्टर बनाया गया है । अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम ने वन स्टॉप सेन्टर में आने वाली पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ आदि के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया

आजसू पार्टी का संगठन विस्तार को लेकर दलमा हिल टॉप में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय आवश्यक बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

दिनांक 10 फरवरी 2025 को पूर्वी सिंहभूम,पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिला का कोल्हान प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक निर्मल गेस्ट हाउस जमशेदपुर में आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक में आयोजित की हुई ।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत सभी केंद्रीय पदाधिकारी, सभी जिला पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष सचिव सभी मंडल अध्यक्ष सचिव के आलावे चयनित पदाधिकारी संग दलमा हिलटॉप में बैठक करेंगे । इस बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, आदरणीय सुदेश कुमार महतो जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा, तीन जिलों के केंद्रीय पदाधिकारी एवम सदस्य , जिला पदाधिकारी एवम सदस्य, नगर पदाधिकारी एवम सदस्य, प्रखंड पदाधिकारी एवम सदस्य, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह, डोमन चंद्र टुडू, संजय मालाकार, अप्पू तिवारी, ललन झा, चंद्रेश्वर पांडेय, प्रकाश विश्वकर्मा, सचिन प्रसाद, देवाशीष चौधरी, कृतिवास मंडल, निरंजन महतो , लालित सिंह, तनवीर आलम, परवीन प्रसाद, हेमंत पाठक, कामेश्वर प्रसाद, साहेब बागती, लक्ष्मण बाग, शेखर सहीस, समेत अन्य मौजूद रहे ।

कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह का सफल आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

नेहरु युवा केंद्र ,पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधानमें ₹कश्मीरी युवा आदान - प्रदान कार्यक्रम₹ का उद्घाटन विकास भारती, सुंदरनगर में किया गयो ₹वतन को जानो₹ विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कश्मीर के युवाओं को झारखंड की संस्कृति, परंपराओं, और विकास गतिविधियों से अवगत करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और समरसता को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री दीपांकर चौधरी, परियोजना निदेशक ,आइ टी डी ए, श्री ऋषभ त्रिवेदी , प्रशिक्षु अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा, राज्य निदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन झारखंड, श्रीमती ललिता कुमारी ; जिला खेल पदाधिकारी श्री अविनेश त्रिपाठी; ने द्वीप प्रज्वलित कर एवं युवा आइकन स्वामी विवेकानन्द जी को पुष्पांजलि देकर किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री दीपांकर चौधरी ने कहा कि यह पहल कश्मीरी युवाओं को नए अनुभवों से परिचित कराएगी और उन्हें शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक अवसरों की जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगी।₹ कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए और इस पहल के प्रति उत्साह व्यक्त किया।पूर्वी सिंहभूम की जिला युवा अधिकारी श्रीमती अंजली कुमारी ने कहा कीकार्यक्रम के तहत, युवाओं को विभिन्न राज्यों की यात्रा कराई जाएगी, जहां वे स्थानीय समुदायों के साथ संवाद करेंगे, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे और विभिन्न संस्थानों में कार्यशालाओं में भाग लेंगे।

श्रम संहिताओं को लागू करने के खिलाफ विरोध में ट्रेड यूनियन उतरा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

केंद्रीय बजट प्रस्ताव 2025-26 के साथ-साथ चार श्रम संहिताओं को लागू करने की पहल के खिलाफ 5 फरवरी 2025 को देशव्यापी विरोध के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने आज पूरे कोल्हान क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा विरोध कार्यक्रम बिरसा चौक, साकची में आयोजित किया गया, जिसमें नुक्कड़ सभा के बाद बजट प्रस्ताव और 4 श्रम संहिताओं का पुतला दहन किया गया। नुक्कड़ सभा में वक्ताओं ने एक स्वर में बजट प्रस्तावों की निंदा करते हुए इसे आम आदमी के साथ विश्वासघात और राष्ट्रीय संपत्ति की लूट का खाका बताया। इसके साथ ही श्रम संहिताओं को लागू करने की सरकार की बेताब पहल की निंदा की गई , चारों श्रम संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों की मौत का वारंट होंगी। श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की घोषणा होने पर इसके विरोध में सभी उद्योगों और क्षेत्रों के श्रमिक अखिल भारतीय हड़ताल पर जाएंगे।कोल्हान के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से मजदूरों-कर्मचारियों के सभी तबकों तथा आम जनता से अपील की गई कि वे इस जनविरोधी, मजदूर-विरोधी तथा राष्ट्रविरोधी बजट प्रस्तावों का विरोध करें, साथ ही चारों श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन को रोकने के लिए निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम में श्री बिनोद राय, अंबुज कुमार ठाकुर, बिश्वजीत देब , परविंदर सिंह सोहल , मनोज कुमार सिंह, अंजनी कुमार, हीरा अरकाने, संजय कुमार, बिनोद राय , धनंजय शुक्ला, नागराजू, मनोज सिंह , विक्रम कुमार, पी.आर. गुप्ता, हरिशंकर सिंह, सुशील कुमार सिंह, बेबी कुमारी, नवीन कुमार, मनीष कुमार, प्रिया महतो, सुशील कुमार , राजीव कुमार सिंह, सुब्रतो देव, रवि कुमार, आर एस राय, धनंजय शुक्ला, जफर खान, विक्रम कुमार, एन एस पाल, सरवन कुमार, यश विश्वकर्मा, शशि कुमार, जयशंकर प्रसाद उपस्थित थे

सार-संक्षेप

स्कूल जा रही पांच छात्राओं को बाइक सवार ने रौंदा,छात्राएं घायल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत चर्च के समीप स्कूल जा रही पांच छात्राओं को बाइक सवार ने रौंद दिया जिसमे पांचो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हुई है. आनन- फानन में सभी को एमजीएम अस्पताल लाया गया है. जहां दो छात्राओं की स्थिति नाजुक बताई जा रही है. घायल छात्राओं में अष्टमी कुमारी, शानू कुमारी, रश्मि कुमारी, सुरभि कुमारी और खुशी कुमारी शामिल है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पांचो छात्राएं भालूबासा आदिवासी जनकल्याण उच्च विद्यालय की छात्राएं हैं. सभी अपने घर से स्कूल के लिए जा रही थी. इसी दौरान चर्च के समीप बाइक सवार ने टक्कर मार दी. घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है. वहीं इसकी सूचना सीताराम डेरा थाना पुलिस को दे दी गई है. फिलहाल सभी का एमजीएम अस्पताल में ईलाज चल रहा है.

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई अनुकंपा समिति की बैठक,11 मामलों की समीक्षा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार जिला अनुकंपा समिति की बैठक आहूत की गई। उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कुल 11 मामलों की समीक्षा की गई जिसमें से 02 मामले को नियुक्ति के योग्य पाया गया । शेष मामलों में तकनीकी समस्याओं की वजह से संबंधित विभाग एवं कार्यालय से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया ताकि प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत अगली अनुकंपा समिति की बैठक में इसका निष्पादन किया जा सके।

साथ ही आहूत जिला स्थापना समिति की बैठक में विभागीय अधिसूचना के आलोक में समाहरणालय संवर्ग के विभिन्न कर्मियों को दिए गए वेतन उत्क्रमण के लाभ की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई। बैठक में स्थापना उप समाहर्ता श्री मृत्युंजय कुमार व अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित रहे।

सरयू राय को कर्नाटक में किया गया सम्मानित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सेडम/जमशेदपुर भारत विकास संगम के तत्वावधान में बुधवार को कलबुरगी जिले के सेडम में एक शानदार समारोह में जमशेदपुर पस्चिमी के विधायक सरयू राय को सम्मानित किया गया। 28 जनवरी से 6 फरवरी तक चलने वाले 7वें भारतीय संस्कृति उत्सव में श्री राय को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सरयू राय ने कहा कि प्रकृति केंद्रित विकास का मुख्य उद्देश्य मानव और प्रकृति के बीच के संबंध को पुनःस्थापित करना, पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखना और सभी जीवों की समृद्धि को सुनिश्चित करना है। इस पुनीत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के कोने-कोने में सजग व्यक्तियों और संगठनों का प्रयास उम्मीद बंधाने वाला है कि शीघ्र ही समस्या पैदा करने वाला मानव केन्द्रित विकास जहां प्रकृति को संसाधन माना जाता है, उसके स्थान पर प्रकृति केन्द्रित विकास जहां प्रकृति को इश्वर का दर्जा दिया जाता है, वहां का परचम लहराएगा और हमें प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन से निजात मिलेगी। आपको बता दें कि भारत विकास संगम के संस्थापक प्रख्यात विद्वान और उत्कृष्ट संगठनकर्ता के.एन. गोविंदाचार्य हैं।

कांचा फुटबॉल मैदान में होगा स्टेडियम निर्माण, विधायक ने किया शिलान्यास

राष्ट्र संवाद संवाददाता

खेलों के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि और प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने के उद्देश्य से पोटका विधायक संजीव सरदार ने घाघीडीह पंचायत के कांचा फुटबॉल मैदान में स्टेडियम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह आधुनिक स्टेडियम 70 लाख रुपये की लागत से बनेगा और इसमें 8,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव सरदार ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई ऊर्जा और सुनहरे अवसर लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम के निर्माण से भविष्य में न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा।

खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

विधायक ने आगे कहा, ₹हमारा उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह स्टेडियम सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि एक सपनों का मैदान होगा, जहां से कई युवा अपनी खेल यात्रा की शुरूआत करेंगे और बड़े स्तर पर पहचान बनाएंगे।₹

विधायक संजीव सरदार ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में पोटका क्षेत्र से कई खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे।

स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों में उत्साह

स्टेडियम निर्माण की घोषणा से स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा खिलाड़ी इस मौके पर उपस्थित रहे। लोगों ने विधायक संजीव सरदार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह स्टेडियम पोटका को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने में मदद करेगा।

संपादक की कलम से

आयात शुल्क में कटौती रणनीतिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण कदम

देवानंद सिंह

भारत ने पिछले हफ़्ते मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क में कटौती का ऐलान किया। 1600 सीसी से ज्यादा इंजन वाली हैवीवेट बाइकों पर 50 फीसदी से घटाकर 30 फीसदी टैरिफ कर दिया गया, जबकि छोटी बाइकों पर शुल्क 50 फीसदी से घटाकर 40 फीसदी कर दिया गया। यह कदम मुख्य रूप से हार्ले डेविडसन जैसी विदेशी मोटरसाइकिल कंपनियों को भारत में प्रवेश करने में मदद करने के उद्देश्य से उठाया गया है। भारत की यह कोशिश व्यापारिक रूप से अमेरिकी दबाव को भी कम करने की है, खासकर तब जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान रिश्तों में खटास आ चुकी थी और उनका यह कहना था कि भारत के व्यापारिक रिवाज ह्यअस्वीकार्यह्न हैं।

दरअसल, भारत ने जिन मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क घटाए हैं, वे उन बाइकों के लिए हैं, जो भारतीय बाजार में विदेशी कंपनियों द्वारा बेची जाती हैं। खासकर,

हार्ले डेविडसन जैसी अमेरिकी कंपनियां, जो भारत के मोटरसाइकिल बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती हैं। इन बाइकों पर पहले 50 फीसदी तक का आयात शुल्क लगता था, जिससे विदेशी कंपनियों के लिए भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल था। भारत ने आयात शुल्क को घटाकर इन कंपनियों को आकर्षित करने की कोशिश की है, ताकि इनका भारतीय बाजार में प्रवेश सुगम हो सके। इसके साथ ही, भारत को यह भी उम्मीद है कि इस कदम से दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों में सुधार होगा और अमेरिका के सामने व्यापारिक संतुलन बनाए रखने की एक सकारात्मक छवि पेश होगी।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिका और भारत के व्यापारिक रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव आए। ट्रंप ने लगातार भारत के टैरिफ नीतियों की आलोचना की, खासकर हार्ले डेविडसन जैसी बाइकों पर 100 फीसदी शुल्क लगाए जाने को लेकर। ट्रंप ने इसे ह्यअस्वीकार्यह्न बताया और इसे अपने ह्यअनुचित व्यापार प्रथाओंह्न के खिलाफ अभियान का हिस्सा बना लिया। इससे पहले भी ट्रंप ने भारत को 'टैरिफ किंग' और 'कारोबारी रिश्तों का सबसे ज्यादा दुरुपयोग' करने वाला देश करार दिया था।

भारत के लिए यह जरूरी था कि वह अमेरिका के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों में सुधार लाए, ताकि ट्रंप द्वारा उठाए गए टैरिफ मुद्दे को हल किया जा सके। हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत के दौरान भी ट्रंप ने भारत से अधिक हथियार खरीदने की बात की थी और व्यापार संतुलन पर भी जोर दिया था। इस पूरी बातचीत के बाद भारत ने अपने आयात शुल्क में कटौती का कदम उठाया, जिससे ट्रंप के दबाव को कुछ हद तक कम किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ते वर्षों से मजबूत रहे हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 190 अरब डॉलर को पार कर चुका था और भारत से अमेरिकी निर्यात 123 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारतीय निर्यात में 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जबकि सर्विसेज का कारोबार भी 22 फीसदी बढ़ा है। इस बढ़ते व्यापार को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हैं, लेकिन ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत भारत को अपनी नीतियों को और लचीला बनाने की आवश्यकता महसूस हो रही थी।

भारत ने 1990 और 2000 के दशक में अपनी अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोला। पहले भारत एक अत्यधिक संरक्षणवादी देश था, जहां आयात शुल्क 80 फीसदी तक था। 1991 में आर्थिक सुधारों के बाद, भारत ने आयात शुल्क को घटाकर 13 फीसदी कर दिया, जिससे वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ने लगी। हालांकि, मोदी सरकार के दौरान ही ह्यमेक इन इंडियाह्न अभियान के तहत कुछ उत्पादों पर आयात शुल्क फिर से बढ़ा, जो अन्य देशों की तुलना में ज्यादा था। यह खासतौर पर चीन, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों के लिए चुनौतीपूर्ण था।

हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी व्यापारिक नीति में बदलाव किए हैं। टैरिफ में कटौती और विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों को सुगम बनाने के लिए उठाए गए कदमों से भारत ने यह साबित करने की कोशिश की है कि वह वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए तैयार है। ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने भारत के लिए कई चुनौतियां पैदा की हैं। यह नीति मुख्य रूप से उच्च आयात शुल्क और व्यापारिक असंतुलन को लक्षित करती है। हालांकि, भारत ने कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाए हैं, जैसे कि बादाम, सेब और छोले, लेकिन ट्रंप शायद इन कदमों से संतुष्ट नहीं होंगे। कृषि उत्पाद भारत के लिए एक संवेदनशील क्षेत्र हैं और इसमें कोई भी बदलाव भारतीय राजनीति में विवादास्पद हो सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को ट्रंप की नीति से सावधान रहना होगा, क्योंकि यह नीति अमेरिका के व्यापारिक घाटे को कम करने के लिए अन्य देशों के खिलाफ कदम उठाने पर जोर देती है। हालांकि, भारत को उम्मीद है कि अमेरिका-भारत के सामरिक संबंध, जो चीन के मुकाबले क्वाड के रूप में मजबूत हुए हैं, इस संकट को कम कर सकते हैं। कुल मिलाकर, भारत ने हाल ही में जिस तरह मोटरसाइकिलों और अन्य वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती की है, एक रणनीतिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण कदम है। यह कदम न केवल भारत-अमेरिका के व्यापारिक रिश्तों को बेहतर बनाने का प्रयास है, बल्कि यह वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को भी मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।हालांकि, यह कदम ट्रंप की ह्यअमेरिका फर्स्टह्न नीति का सामना करने के लिए पर्याप्त होगा या नहीं, यह सवाल बना हुआ है। ट्रंप का दबाव और कृषि उत्पादों पर भारत की नीतियां इन रिश्तों को चुनौती दे सकती हैं, लेकिन भारत के सामरिक और व्यापारिक दृष्टिकोण में सुधार से यह संभावना है कि भारत इन चुनौतियों का सामना कर सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच आगामी मुलाकात में इन मसलों पर स्पष्ट स्थिति बन सकती है, जिससे आने वाले समय में व्यापारिक रिश्तों को लेकर और दिशा स्पष्ट हो सकेगी।

आर्थिक सुरक्षा की गारंटी दे पायेगी एकीकृत पेंशन योजना?

डॉ. सत्यवान सौरभ

हाल ही में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की जगह एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी है। यह टी के सुझावों पर आधारित है। सिफारिशें 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी। यूपीएस के प्रस्ताव के अनुसार पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) और नई पेंशन योजना (एनपीएस) के लाभों को एक साथ जोड़ा जाएगा। भारत में सेवानिवृत्ति योजना के लिए इस दूरदर्शी दृष्टिकोण का लक्ष्य सभी योग्य कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और दीर्घकालिक पेंशन प्रणाली है। यह सरकारी कर्मचारियों की स्वतंत्रता और पसंद को संरक्षित करने के साथ-साथ उन्हें दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना चाहता है। केंद्र सरकार के कर्मचारी जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत इस विकल्प का चयन करते हैं और इसके अंतर्गत आते हैं, वे यूपीएस के अधीन हैं। वर्तमान और भावी केंद्र सरकार के कर्मचारी जो एनपीएस के अंतर्गत आते हैं, उनके पास वर्तमान एनपीएस योजना के साथ बने रहने या यूपीएस में स्विच करने का विकल्प है।

यूपीएस में स्विच करना एक बार तय हो जाने के बाद अंतिम और बाध्यकारी माना जाता है। यूपीएस को पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा जारी किए गए विनियमों के माध्यम से संचालित किया जा सकता है। 1 अप्रैल, 2025 वह तारीख है जिस दिन एकीकृत पेंशन योजना लागू होगी। यूपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों को पेंशन की गारंटी दी जाती है जो सेवानिवृत्ति से पहले 12 महीनों के लिए उनके औसत मूल वेतन के 50% के बराबर होती है। 10 से 25 साल तक की सेवा अवधि के लिए पेंशन आनुपातिक होगी। कम से कम 25 साल की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद कर्मचारी पूरी सुनिश्चित पेंशन के लिए पात्र होंगे। किसी कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके परिवार को कर्मचारी की मृत्यु-पूर्व पेंशन के 60% के बराबर पेंशन की गारंटी दी जाएगी। जिन कर्मचारियों ने कम से कम दस साल तक काम किया है, उन्हें सेवानिवृत्ति पर प्रति माह 10, 000 रुपये की न्यूनतम पेंशन की गारंटी दी जाएगी। सेवानिवृत्त लोगों के लिए, यह एक सुरक्षा जाल की गारंटी देता है।

यूपीएस में स्विच करना एक बार तय हो जाने के बाद अंतिम और बाध्यकारी माना जाता है। यूपीएस को पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा जारी किए गए विनियमों के माध्यम से संचालित किया जा सकता है। 1 अप्रैल, 2025 वह तारीख है जिस दिन एकीकृत पेंशन योजना लागू होगी। यूपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों को पेंशन की गारंटी दी जाती है जो सेवानिवृत्ति से पहले 12 महीनों के लिए उनके औसत मूल वेतन के 50% के बराबर होती है। 10 से 25 साल तक की सेवा अवधि के लिए पेंशन आनुपातिक होगी। कम से कम 25 साल की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद कर्मचारी पूरी सुनिश्चित पेंशन के लिए पात्र होंगे। किसी कर्मचारी की मृत्यु-पूर्व पेंशन के 60% के बराबर पेंशन की गारंटी दी जाएगी। जिन कर्मचारियों ने कम से कम दस साल तक काम किया है, उन्हें सेवानिवृत्ति पर प्रति माह 10, 000 रुपये की न्यूनतम पेंशन की गारंटी दी जाएगी। सेवानिवृत्त लोगों के लिए, यह एक सुरक्षा जाल की गारंटी देता है।

केंद्र सरकार के कर्मचारी जिन्होंने कम से कम 25 साल तक काम किया है, उन्हें पेंशन की गारंटी दी जाती है। यह सेवानिवृत्ति से पहले 12 महीनों के लिए उनके औसत आधार वेतन का आधा हिस्सा लेकर निर्धारित किया जाता है। यूपीएस सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन और सुनिश्चित पेंशन को मुद्रास्फीति के साथ अनुक्रमित करता है। महंगाई राहत के रूप में, जो औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीआई-आईडब्ल्यू) पर आधारित है और सहायता श्रमिकों के बराबर है। मासिक वेतन का दसवां हिस्सा और महंगाई भत्ता प्रत्येक पूर्ण छह महीने की सेवा अवधि के लिए ग्रेच्युटी में जोड़ा जाता है। यूपीएस चुनने वाले कर्मचारियों द्वारा उनके वेतन का दस प्रतिशत अभी भी योगदान दिया जाएगा। सरकार वर्तमान 14 प्रतिशत के बजाय 18.5 प्रतिशत का योगदान देगी। यह गारंटी देता है कि श्रमिकों पर कोई अतिरिक्त वित्तीय दबाव नहीं डाला जाएगा। जब कर्मचारी सेवानिवृत्ति तक पहुँचते हैं, तो यूपीएस गारंटीकृत भुगतान प्रदान करता है।

सेवानिवृत्ति से पहले 12 महीनों में, यूपीएस एक केंद्रीय सरकारी कर्मचारी को उनके औसत मूल वेतन का 50% भुगतान करेगा, जब तक कि उन्होंने 25 साल की सेवा पूरी कर ली हो। जिन श्रमिकों ने दस साल से अधिक लेकिन पच्चीस साल से कम समय तक काम किया है, वे आनुपातिक पेंशन के लिए पात्र होंगे। दस साल या उससे ज्यादा की अर्हक सेवा के बाद, कर्मचारियों को हर महीने 10, 000 रुपये का न्यूनतम भुगतान सुनिश्चित किया जाता है। यह भुगतान उस दिन से शुरू होगा, जिस दिन अगर वे काम करना जारी रखते, तो वे 25 साल की सेवा के बाद स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त होने वालों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु तक पहुँच जाते। कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी को सेवानिवृत्ति के बाद भुगतान धारक की मृत्यु की स्थिति में धारक को स्वीकार्य भुगतान का 60% पारिवारिक भुगतान मिलेगा। गारंटीकृत भुगतान और पारिवारिक भुगतान भी महंगाई राहत के लिए पात्र होंगे, जिसका निर्धारण उसी तरह किया जाएगा।

सेवारत कर्मचारियों के लिए, महंगाई राहत की गणना महंगाई भत्ते के समान ही की जाएगी। यूपीएस या गारंटीकृत भुगतान उस स्थिति में उपलब्ध नहीं होगा जब कोई कर्मचारी इस्तीफा दे देता है या उसे सेवा से हटा दिया जाता है। पिछली पेंशन योजना के विपरीत, यूपीएस एक अंशदायी योजना है, जिसका अर्थ है कि कर्मचारियों को अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10% योगदान करना होगा, जबकि केंद्र सरकार, जो कि नियोक्ता है, 18% का योगदान करेगी। वह कोष, जिसे मुख्य रूप से सरकारी ऋण में निवेश किया जाता है, अंततः बाजार के रिटर्न के आधार पर भुगतान का निर्धारण करेगा। यूपीएस और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध दो विकल्प हैं। यूपीएस के विपरीत, एनपीएस बाजार से जुड़ा हुआ है। प्रस्तावित लाभों के सम्बंध में यूपीएस और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के बीच समानताएँ हैं। हालांकि, इसे वित्त पोषित करने का तरीका बहुत अलग है।

यूपीएस को प्रत्येक वर्ष बजट से अपना सारा वित्त पोषण प्राप्त होता है, ओपीएस के विपरीत, जो कि पे-एज-यू-गो कार्यक्रम था कर्मचारी एनपीएस के माध्यम से सेवानिवृत्ति कोष का निर्माण कर सकते हैं, जो एक परिभाषित अंशदान योजना है जिसे पहली बार 2004 में लागू किया गया था। जो लोग अधिक गारंटी वाली पेंशन की तलाश में हैं, उनके लिए यूपीएस एक विकल्प प्रदान करता है।

हिंदी लेखकों का अनूठा सम्मान: 'जिला नजर' ने प्रकाशित किया विशेष कैलेंडलेंर

आगरा/हिसार

2025 के कैलेंडर में प्रसिद्ध लेखक डॉ. सत्यवान सौरभ और प्रियंका सौरभ के चित्रों को उनके नाम सहित शीर्ष पर प्रकाशित कर एक विशेष सम्मान प्रदान किया है। लेखक सम्मान की इस अनूठी परंपरा से हिन्दी साहित्य और लेखन के क्षेत्र में समर्पित रचनाकारों को प्रेरणा मिलेगी।

हिन्दी भाषा और लेखन के क्षेत्र में समर्पित लेखकों का मान-सम्मान करना आज के समय में दुर्लभ हो गया है, जहाँ अधिकतर लोग सम्मान के नाम पर व्यावसायिक लाभ उठाने में लगे हैं।

ऐसे में 'ज़िला नजर' पत्रिका के संपादक संत कुमार भारद्वाज ने एक प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने वर्ष 2025 के कैलेंडर में प्रसिद्ध लेखक डॉ. सत्यवान सौरभ और प्रियंका सौरभ के चित्रों को उनके नाम सहित शीर्ष पर प्रकाशित कर एक विशेष सम्मान प्रदान किया है। इस अद्वितीय पहल के अंतर्गत, 'ज़िला नजर' की ओर से हजारों प्रतियाँ निशुल्क वितरित की गई हैं, जो न केवल आगरा और उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी लोगों तक पहुँची हैं। इस सम्मान से अभिभूत दोनों लेखकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए 'ज़िला नजर' टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

लेखक सम्मान की इस अनूठी परंपरा से हिन्दी साहित्य और लेखन के क्षेत्र में समर्पित रचनाकारों को प्रेरणा मिलेगी। इस पहल की व्यापक सराहना की जा रही है और यह आने वाले समय में अन्य संस्थानों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकती है।

दूर हटो ऐ दुनिया वालों हिन्दुस्तान हमारा है...

रमेश शर्मा

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में करोड़ों प्राणों के बलिदान हुए । ये बलिदान साधारण नहीं थे । पर इन बलिदानों के लिये आह्वान करने वाले शब्द साधकों की भी एक धारा रही है जिन्होंने अपने शब्दों की शैली और गीतों के माध्यम से राष्ट्र जागरण का अभियान छेड़ा। यह अभियान स्वतंत्रता के पहले भी चला और स्वतंत्रता के बाद भी । अपनी रचनाओं से राष्ट्र जागरण करने वाले ऐसे ही कालजयी रचनाकार हैं कवि प्रदीप। उन्होंने जीवन भर अपने ओजस्वी गीतों से पूरे राष्ट्र चेतना की अलख जगाई। स्वतंत्रता के पूर्व यदि उनके गीतों में संघर्ष के लिए आह्वान था तो स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की उत्प्रेरणा ।

स्वाधीनता के पूर्व- ₹दूर हटो ऐ दुनिया वालो ये हिन्दुस्तान हमारा है... और स्वतंत्रता के बाद-₹ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी...₹ जैसे अमर गीत के रचयिता कवि प्रदीप ही हैं । वे दुनियां के उन विरले गीतकारों में से हैं जिनका हर गीत लोकप्रिय हुआ । उन्होंने दो हजार से अधिक गीत लिखे। इनमें लगभग 1700 गीत फिल्मों में आए । और राष्ट्र भक्ति के ही 100 से अधिक गीत हर देशवासी की जुबान पर चढ़ गए ।

ऐसे अमर गीतों के गीतकार कवि प्रदीप का जन्म 06 फरवरी 1915 को मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले के बड़नगर में हुआ। उनके पिता रामचंद्र द्विवेदी आर्य समाज से जुड़े थे । घर में राष्ट्रसेवा सांस्कृतिक गरिमा का वातावरण था। इसलिए प्रदीप जी मन और विचार से बचपन से राष्ट्र और संस्कृति चेतना से भरे थे । उनकी प्रारंम्भिक शिक्षा बड़नगर में और उच्चशिक्षा लखनऊ में हुई।

कविता लिखने का शौक उन्हें बचपन से था । वे एक दृश्य देखकर अथवा कोई प्रसंग सुनकर बहुत प्रभावी गीत या कविता रच देते थे। वह इस वजह से लखनऊ विश्वविद्यालय में लोकप्रिय हो गए । पढ़ाई के दौरान ही उनकी भेंट उस समय के एक प्रखर और प्रभावशाली कवि गिरिजा शंकर दीक्षित से हुई। दीक्षित जी अपने समय में कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय कवि और उनके शिक्षक भी थे । उनके मार्गदर्शन में गीत जीवन की यात्रा आरंभ हुई ।

प्रदीप जी ने 1939 में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षक बनने की तैयारी शुरू की पर गीत रचना निरन्तर जारी रही । उनके शिक्षक दीक्षित जी के पिता बलभद्र प्रसाद जी भी अपने समय के लोकप्रिय गीतकार थे। और उनके कुछ गीत फिल्मों में आए थे । वे प्रदीप जी के गीतों से बहुत प्रभावित थे। उन्हीं दिनों प्रदीप जी ने ₹चल चल रे नौजवान...₹ एक गीत लिखा। दीक्षित जी ने यह गीत मुम्बई भेज दिया । यह गीत एक फिल्म ₹नौजवान₹ में आ गया । फिल्म लोकप्रिय हुई और गीत भी । यह फिल्म 1940 में रिलीज हुई थी । इस गीत के साथ प्रदीप जी रातों-रात पूरे देश में लोकप्रिय हो गए । 1942 में उनका दूसरा गीत मानों ₹भारत छोड़ो आंदोलन₹ का एक मंत्र बन गया । यह गीत था- ₹आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है... ₹। यह गीत समाज का आह्वान करने वाला था। यह आंदोलन के दौरान हर गली चौराहे पर गाया गया । 1944 में उनके एक और गीत ₹दूर हटो ऐ दुनिया वालो, ये हिन्दुस्तान हमारा है...₹ ने फिर पूरे देश में तहलका मचा दिया । अंग्रेजी सरकार ने उनके गीतों को भड़काने वाला माना और गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया । कवि प्रदीप गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत हो गए । बाद में फिल्म निमार्ताओं ने मध्यस्थता की और प्रशासन को फिल्म स्क्रिप्ट के लिए इन गीतों की आवश्यकता बताई तब जाकर वारंट निरस्त हुआ ।

प्रदीप जी ने स्वतंत्रता के बाद जागृति जैसी फिल्मों के लिए नए अंदाज से गीत लिखे । ₹हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकल के...₹ आज भी लोकप्रिय है । उन्होंने 1954 में बच्चों को समझाया ₹आओ बच्चो तुम्हें दिखाएं झांकी हिन्दुस्तान की...₹ । इस गीत में भारत के गौरवमयी अतीत की मानों एक झांकी थी । स्वतंत्रता की इस यात्रा के बीच ही 1962 में भारत-चीन युद्ध आ गया । उस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने कितनी विषम परिस्थिति में भारत राष्ट्र की रक्षा की । वे कहानियां दिल को दहलाने वाली है । सैनिकों के बलिदान पर उनका गीत ₹ ऐ मेरे वतन के लोगो, जरा आंख में भर लो पानी...₹ की रचना की । जिस भाव से प्रदीप ने इस गीत की रचना की उसी भावना से लता जी ने गाया । इस गीत के बोल आज भी हृदय को छू जाते हैं। यह गीत देशभक्ति के गीतों में अग्रणी माना गया । भारत सरकार ने उन्हे ₹राष्ट्र कवि₹ के सम्मान से सम्मानित किया ।

26 जनवरी, 1963 को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में लता जी ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में यह गीत गाया । नई दिल्ली में आयोजित इस राष्ट्रीय गणतंत्र समारोह में ऐसा कोई नहीं था जिसकी आंख में आंसू न आए हों। प्रदीप ने इस गीत की रॉयल्टी को सैनिकों की विधवा सहायता कोष यनी 'वॉर विडो फंड' में जमा करने की घोषणा की पर गीत के अधिकार रखने वाली कंपनी एचएमवी ने समय पर पैसा जमा नहीं किया । और मामला कोर्ट में गया । एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 25 अगस्त 2005 को बॉम्बे हाई कोर्ट ने एचएमवी कंपनी को रॉयल्टी के बकाया के रूप में एक मिलियन रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। देशभक्ति मानों प्रदीप जी के रक्त में थी । 1987 में प्रदीप जी ने कहा था- ₹कोई भी आपको देशभक्त नहीं बना सकता। यह आपके खून में होती है। आप इसे देश की सेवा के लिए कैसे लाते हैं जो आपको अलग बनाता है।₹ सतत शब्द साधना और अपने गीतों से राष्ट्र साधना में रत प्रदीप जी ने अंततः 11 दिसंबर 1998 को 83 वर्ष की आयु में इस संसार से विदा ली ।

डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा

मेष – मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

वृष - आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

मिथुन - विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

कर्क - पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7

सिंह - कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

कन्या - पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

तुला - खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक - जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7

धनु - धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

मकर - समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-3-6-9

कुंभ - हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6

मीन - कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

डा सुधा नन्द झा ज्योतिषी
जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503

टायो रोल्स लिमिटेड प्रबंधन द्वारा गम्हरिया स्थित टायो कॉलोनी के ब्लॉक संख्या एफ-9 में कर्मचारियों को 10 दिनों के भीतर खाली करने का निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

गम्हरिया।टायो रोल्स लिमिटेड प्रबंधन द्वारा गम्हरिया स्थित टायो कॉलोनी के ब्लॉक संख्या एफ-9 को संरचनात्मक दृष्टिकोण से असुरक्षित घोषित करते हुए उसमे रह रहे कर्मचारियों को 10 दिनों के भीतर खाली करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, उक्त ब्लॉक के फ्लैटों में रहने वाले परिवारों को अपने जोखिम और उसके परिणामों पर कॉलोनी के भीतर वैकल्पिक खाली आवासों एफ टाइप या एच टाइप फ्लैटों में 'जैसा है जहां है' के आधार पर जाने का अवसर देते हुए उनसे लिखित आवेदन की मांग की गई है। प्रबंधन के इस फरमान से उन फ्लैटों में रहने वाले लोगों में रोष व्याप्त है। साथ ही, उनके बीच बेघर होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कंपनी प्रबंधन द्वारा दस दिनों के भीतर उन फ्लैटों की चाभियां संबंधित अधिकारियों को नहीं सौंपे जाने पर निर्धारित तिथि से प्रतिदिन 200/- रुपए की दर से दंड राशि भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। इससे उन कर्मचारियों में उहापोह की स्थिति बन गई है। इस बावत उन फ्लैटों में रहने वाले कर्मचारियों द्वारा कंपनी प्रबंधन को वैकल्पिक आवास की असुरक्षित स्थिति एवं

पुनर्वास प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने का अनुरोध पत्र के माध्यम से किया गया है। कर्मचारियों द्वारा दिए गए पत्र में बताया गया है कि प्रबंधन द्वारा ब्लॉक-9 (फ्लैट संख्या 129 से 144) को संरचनात्मक रूप से असुरक्षित घोषित करते हुए वैकल्पिक आवास के रूप में जिस एफ टाइप या एच टाइप फ्लैट में स्थानांतरित होने का निर्देश दिया गया है उन फ्लैटों की स्थिति भी जर्जर एवं असुरक्षित बताई जा रही है। बताया गया है कि यदि नए फ्लैट्स भी संरचनात्मक रूप से कमजोर है तो पुनर्वास का यह कोई प्रभावी समाधान नहीं है और इससे उनके समक्ष भविष्य में भी संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने प्रबंधन से आबंटित किए जाने वाले उन फ्लैटों का यदि किसी एजेंसी द्वारा सुरक्षा ऑडिट कराया गया है तो उसकी प्रति उपलब्ध कराने की मांग की गई है। साथ ही, भविष्य में उन फ्लैटों की मरम्मती कराई जाएगी या उसी परिस्थिति में उन्हें रहना होगा।

इस संदर्भ में भी कंपनी का रुख स्पष्ट करने को कहा गया है। साथ ही, उस असुरक्षित फ्लैट में रहने पर कोई संरचनात्मक क्षति की जिम्मेदारी किसकी होगी, इसे भी स्पष्ट करने की मांग की गई है। प्रबंधन द्वारा दिए गए निर्देश में यह भी उल्लेखित नहीं है कि दंड की राशि टायो रोल्स कंपनी लेगी या जेबीवीएनएल, इससे भी कर्मचारियों में भ्रम की स्थिति है। इस बावत ब्लॉक-9 में रहने वाले कर्मचारियों द्वारा कंपनी प्रबंधन को पत्र लिखकर प्रभावित कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर इन सभी मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा कर समाधान निकाले जाने का अनुरोध किया गया है।

बताया गया है कि इस पर कंपनी प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो प्रभावित लोगों को श्रम विभाग और अन्य संबंधित कानूनी मंचो पर शिकायत करने पर बाध्य होना पड़ेगा।

सार-संक्षेप

सच्चिदानंद राय जमशेदपुर के टेल्को अस्पताल में वेंटिलेटर पर भाजपाइयों को फुर्सत नहीं!

राष्ट्र संवाद संवाददाता

ये सच्चिदानन्द राय हैं. जनसंघ काल के हिंदूवादी नेता. अविभाजित बिहार में भाजपा को जमानेवाले स्तंभों में से एक सच्चिदानंद राय जमशेदपुर के टेल्को अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं. स्थानीय मीडिया में खबर चल रही है, लेकिन भाजपा के स्वनामधन्य और मूर्धन्य नेताओं को समाचार लिखे जाने तक बीमार राय साहब का हाल जानने की फुर्सत नहीं मिली है.

हां राष्ट्र संवाद ने जब खबर चलाई तो कुछ भूमिहार नेताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा जबकि सोशल मीडिया पर अन्य भाजपाई स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं इसलिए जब ये भी बीमार पड़ेंगे तब दूसरे भाजपाई सोशल मीडिया पर लिखेंगे भगवान उन्हें जल्द स्वस्थ करें

मधुआबेड़ा में सरस्वती पूजा पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

बहरागोड़ा के मधुआबेड़ा गांव में सार्वजनिक सरस्वती पूजा कमेटी के तत्वावधान में सोमवार से खेलकूद प्रोतियोगिता का आयोजन किया गया है . इसमें म्यूजिकल चेयर, इन आउट, बिस्कुट रेस, सुई धागा रेस, दौड़ व महिलाओं के लिए मोमबत्ती रेस का आयोजन किया गया. इन आउट सीनियर ग्रुप में ललिता धीवर प्रथम व प्रिया बेरा दूसरे स्थान पर रही. के जूनियर ग्रुप में पायेल बेरा प्रथम, शिलु बेरा द्वितीय रही. बिस्कुट जंप सीनियर ग्रुप में धीरज सीट प्रथम, अक्षय प्रधान द्वितीय रही. चमच गोली में सुजाता नायेक प्रथम, बर्षा महाकुड द्वितीय रहे.सुई धागा रेस वर्षा विशाल प्रथम स्वीटी खिलाड़ी द्वितीय पूजा कमेटी ने कहा सफल प्रतिभागियों को गुरुवार पुरस्कृत किया जायेगा, प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में कमेटी के सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी ।

रंभा कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस मनाया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

रंभा कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने 5 फरवरी 2025 को ₹यूनाइटेड बाय यूनिकर₹ थीम के साथ विश्व कैंसर दिवस मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य कैंसर, इसके कारणों और उपचार विकल्पों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

दुर्गेश मिश्रा, बी.एससी. नर्सिंग छात्र ने कैंसर पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी, जिसमें इसके कारणों और उपलब्ध उपचारों के बारे में बताया गया। सहायक प्रोफेसर श्रीमती मोनिशा ने इस वर्ष की थीम पर केंद्रित व्याख्यान दिया, जिसमें कैंसर जागरूकता और रोकथाम में एकता के महत्व पर जोर दिया गया।

एएनएम, जीएनएम और बी.एससी. के छात्रों ने नर्सिंग कार्यक्रमों के द्वारा जागरूकता फैलाने के लिए सूचनात्मक पोस्टर तैयार करके योगदान दिया।

इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में लेक्चरर सुश्री नमानी, सुश्री दीपिका, सुश्री स्नेहा और सुश्री संध्या सहित अन्य संकाय सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

विधायक द्वारा कुकडू व ईचागढ़ प्रखंड में सदस्यता अभियान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

चांडिल ईचागढ विधानसभा क्षेत्र में झामुमो जिला संयोजक मंडली द्वारा सदस्यता अभियान के निर्देश पर कुकडू पंचायत भवन व ईचागढ़ के टीकर मे सदस्यता अभियान को लेकर विधायक सविता महतो व झामुमो जिला संयोजक सदस्य नें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में झामुमो जिला संयोजक मंडली ने यथाशीघ्र सदस्यता अभियान को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान ईचागढ विधायक सविता महतो ने कार्यकर्ताओ को सदस्यता अभियान चलाने को लेकर केंद्रीय समिति का निर्देश को पालन करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ से गांव गांव जाकर हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए कार्या को पंहुचाकर सदस्ता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने को कहा। इस अवसर पर झामुमो जिला संयोजक प्रमुख डा शुभेन्दू महतो, सदस्य चारूचांद किस्कू, सुधीर महतो, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, अरुण टुडू, इंद्रजीत महतो, नव किशोर हांसदा, हरेकृष्ण महतो, हरि महतो, युधिष्ठिर मांझी, निरंजन महतो, झूलन कुम्हार, कित्तीवास महतो, रफीक अंसारी, धरमु गोप, बैद्यनाथ टुडू, न सपन सिंह देव, आदि दोनों प्रखंड के झामुमो कार्यकर्त उपस्थित थे।

घोडाबाबा मन्दिर में पूजा कर बाइक से प्रयागराज रवाना हुए चार युवक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

गम्हरिया।घोडाबाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर गम्हरिया क्षेत्र के चार युवक बुधवार को दो बाइक पर सवार होकर प्रयागराज रवाना हुए। इस दौरान युवकों ने बताया कि 144 वर्ष पश्चात अब यह महाकुंभ का योग आया है। इसलिए इस महाकुंभ में हर एक व्यक्ति को जाकर स्नान करना चाहिए। बताया कि उन्होंने प्रयागराज के लिए बस और ट्रेन के टिकट का काफी प्रयास किया, लेकिन टिकट उपलब्ध नहीं हो पाया। हवाई जहाज की टिकट काफी ज्यादा महंगी होने के कारण उन्होंने तय किया कि अब वह इस दूरी को अपनी बाइक से ही तय करेंगे। बाइक से प्रयागराज रवाना होने वालों में गम्हरिया निवासी गौरव बनर्जी, अनुज कुमार दास, फुची गोराई एवं सुकुमार दास शामिल हैं।

विद्यालय में वार्षिक खेलकूद उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

चांडिल नौरंगराय सूयार्देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चांडिल में बुधवार को वार्षिक खेलकूद उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कैलाश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक सरायकेला-खरसावां थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दिनेश कुमार दंडपात, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, एवं श्री गणेश कुमार मेहता, संपादक हिंदुस्तान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का सम्मान शॉल एवं मोमेंटो देकर किया गया। विद्यालय की बहनों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद ध्वजारोहण और मशाल जलाकर खेल प्रतियोगिता का आरंभ किया गया।

प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, म्यूजिकल चेयर, चॉकलेट दौड़, शॉटपुट और फुटबॉल प्रतियोगिता शामिल थीं। विजेताओं को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि श्री कैलाश मिश्रा ने अपने संबोधन में विद्यालय की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। कार्यक्रम संचालन में आचार्य दीपतेश रंजन एवं तनुश्री पात्र सहित प्रधानाचार्य श्री कुणाल कुमार , उप प्रधानाचार्य सुब्रत चटर्जी ,के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मांगुरुदा में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर प्रखंड के मांगुरुदा में झारखंड स्पोर्टिंग क्लब द्वारा दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल बुधवार को हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में गुरुजी आशीर्वाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव, विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम, झामुमो नेता रामलाल मुण्डा तथा दिनेश जेना मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता के फाइनल में बच्चों का दौड़ में सन्नी गागराई, सुरज जामुदा, बच्चियों की दौड़ में लवली बांकिरा, सोनामी बांकिरा, बच्चों का मेढ़क रेस में दीपक हांसदा, वामेया लामाय, लड़कियों का मटका रेस में खुशबु बोदरा, गुरुवारी बोदरा, लड़कों का चॉकलेट रेस में साजन सामड, गणेश डुरसुली, लड़कियों का चम्मच रेस में नागुरी सवैया, सावित्री सामड, लड़कियों का बैलुन फोड़ में सिमरन बोदरा, सिवानी सामड, जवानों का दौड़ में तुरी कांडेयांग, सन्नी इचागुटू, साइकिल रेस में माटा चाकी, शंकर बोदरा, लड़कियों का हंडी फोड़ में सोनामुनी हाईबुरु, लउकियों की दौड़ में हिरामोनी दिग्गी, चांदमोनी हेम्ब्रम, सुईधागा रेस में जेमा बोदरा, खुशबू बोदरा, बुढ़ों का दौड़ में शेर बोदरा, मंगता हेम्ब्रम, जुता रेस में राहुल सामड, योगेन्द्र लामाय तथा जीके में प्रकाश महतो एवं संतोष सवैयां क्रमशः प्राथम, द्वितीय विजेता रहे। जहां मुख्य अतिथि सन्नी उरांव, पीरू हेम्ब्रम, रामलाल मुण्डा तथा दिनेश जेना ने सभी प्रथम व द्वितीय विजेता को उपहार देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर काफी संख्या में कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

बी डी एस एल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मुसाबनी- बी डी एस एल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय,मुसाबनी में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशन कुमार अग्रवाल व अशोक कुमार गुप्ता उपस्थित थे । कार्यक्रम का प्रारंभ घोष दल एवं संथाली वाद्य यंत्र धमसा नगाड़ा के साथ भाल-तिलक के द्वारा अतिथि स्वागत किया गया । अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, भारत माता एवं परम ब्रह्म ओम के समक्ष पुष्प अर्पित करने के उपरांत वंदना कर रंगारंग कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । विद्यालय की प्रधानाचार्य रूमी सरकार द्वारा पद-परिचय कराया गया ।कक्षा अष्टम की बहनों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया । इसके उपरांत आदर्श भैया श्लोक राज मिश्रा एवं आदर्श बहन सालेहा अंजुम एवं सर्वश्रेष्ठ व ऑल राउंडर छात्र सुमन मुखर्जी को अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया । कक्षा दशम के 210 भैया/बहनों द्वारा विद्यालय को प्रयोगशाला सामग्री उपहार स्वरूप भेंट किया गया। कक्षा दशम की छात्रा कोंकोना दास ने अपने अनुभव साझा किया। सप्तम की छात्रा राईमा मुखर्जी ने विदाई गीत प्रस्तुत किया।विदाई भाषण नवम की छात्रा प्रिया माजी ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सचिव बाबुलाल सिंह ने विद्यालय उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए भैया/ बहनो को परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया एवं विद्यालय के अध्यक्ष किशन कुमार अग्रवा द्वारा आशीर्वचन के रूप में विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए भैया/ बहनों के मंगल भविष्य की कामना की गयी।

विद्यालय की आचार्या मंजुला रानी दास द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के सदस्य श्री हिमांशु पात्र मौजूद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य व आचार्या समेत समस्त विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर से दो दो बस में 80 श्रद्धालु महाकुंभ स्नान के लिए हुए रवाना

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

सिंहभूम बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने किया रवाना

13 फरवरी को फिर एक बार कुंभ के लिए होंगे रवाना

चक्रधरपुर ।।पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर से दो बस से महाकुंभ स्नान के लिए 80 श्रद्धालु हुए रवाना ।।

शहर के चुनमुन बस के कार्यालय परिसर से दोनों बस को सिंहभूम बस ऑनर ऐशोसीएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने किया रवाना।।

बस के मैनेजर राकेश शर्मा के देख रेख में दोनों बस जा रही है प्रयाग राज ।। रवाना के मौके पर प्रदेश यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष शौरभ अग्रवाल ,सुमन अग्रवाल ,सचिन अग्रवाल भी रहे मौजूद

सिंहभूम बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि तीर्थ यात्रियों की विशेष व्यवस्था के साथ महाकुंभ स्नान के लिए रवाना किया गया।।

दोनों बस के साथ मैनेजर राजेश शर्मा भी हुए रवाना

डिवाइन मिशन महाविद्यालय(हितकु , नारवा पहाड़) के नए कोडिनेटर बने अमरेंद्र कुमार सिंह, महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार ने की ताजपोशी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जादूगोड़ा : नरवा पहाड़ स्थित डिवाइन मिशन महाविद्यालय (हितकु) के नए कोडिनेटर अमरेंद्र कुमार सिंह को बनाया गया है।इधर विद्यालय की महाप्रबन्धन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार ने इनके नामों की घोषणा की। इस बाबत आज बुधवार को महाविधालय प्रांगण में प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई जहां सर्व सम्मति से कॉलेज का नया कोडिनेटर अमरेंद्र कुमार सिंह को चुना गया। इसके पूर्व इस पद पर प्रियंका सिंह थी।यहां बताते चले इस महाविद्यालय में इंटरमीडिएट, साइंस आर्ट्स, बी कॉम, एम कॉम, डी फॉर्म के साथ साथ ओपन यूनिवर्सिटी का 39 कोर्स संचालित होता है ह्न प्रबंध समिति को बिश्वास है कि श्री अमरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा प्रशासनिक अनुभव का लाभ कॉलेज को प्राप्त होगा ह्न विद्यालय प्रबंधन समिति ने नए दायित्व को अमरेंद्र सिंह को बधाई दी व शुभकामनाएं दी।

हेंसल आमदा में माघ पूजा पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

विधायक संजीव सरदार रहे मुख्य अतिथि

पोटका प्रखंड के हेंसलआमदा पंचायत में माघ पूजा के अवसर पर पारंपरिक एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और परंपरागत नगाड़ा बजाकर ग्रामवासियों का अभिवादन स्वीकार किया।

इस अवसर पर विधायक सरदार ने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति पूजन की परंपरा निभाता आ रहा है, जो हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार है। धर्म और समाज को एकजुट करने की शक्ति हमें प्रकृति से मिलती है, इसलिए इसे संरक्षित रखना सभी का कर्तव्य है।ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी परंपराओं को जीवंत किया। विधायक ने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को शुभकामनाएँ दीं और समाज की समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।

बड़ा सिगदी में कोल्हान स्तरीय क्षेत्रीय ग्राम सभा फेडरेशन समिति का पेसा नियमावली पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन, ग्रामसभा की सशक्तिकरण को लेकर पैसा कानून जरूरी:सिदेश्वर सरदार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जादूगोड़ा : पोटका प्रखंड क्षेत्र के पर्यावरण चेतना केंद्र बड़ा सिगदी में बुधवार को कोल्हान स्तरीय क्षेत्रीय ग्राम सभा फेडरेशन समिति की ओर से एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित की गई।सम्मेलन में कोल्हान प्रमंडल के मुसाबनी, पोटका, जमशेदपुर, सदर चाईवासा, तांत नगर और राज नगर प्रखंड के ग्राम सभा फेडरेशन समिति के लगभग 40 की संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्रवार ग्राम सभाओं की स्थिति पर चर्चा, झारखंड में पेसा नियमावली में उत्पन्न हो रही अड़चनों परविस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय पेसा कानून 28 वर्ष पहले बना लेकिन झारखंड राज्य में उसका नियमावली बनाकर लागू नहीं किया जा रहा है, जिससे ग्राम सभा की प्रदत्व शक्ति कमजोर होते जा रही है तथा संविधान के पांचवी अनुसूची का भी व्यवस्था कमजोर पड़ती जा रहा है। ग्राम सभा में सामान्य क्षेत्र का व्यवस्था हावी हो रही है ।अन्य विभिन्न बक्ताओ ने माना कि वन अधिकार,(एफ आर ए) के तहत सामुदायिक वन भूमि पट्टा अपेक्षाकृत कम दिया जा रहा है। बैठक में जलवायु परिवर्तन पर भी गहराई से चिंतन मंथन किया गया। मौके पर कोल्हान ग्राम सभा फेडरेशन समिति के संयोजक पूर्णिमा विरुली, सहलाकर समिति के सदस्य सालगे मार्डी, सिद्धेश्वर सरदार, सदस्य हरिश सिंह भूमिज, सुरेंद्रर बिरुली, निरसो हांसदा, संगीता विरुली, रूप सिंह किस्कु अश्विनी महाराणा, दुलारी हेंब्रम, सारमनी बेसरा, गोरी सरदार ,जवा टुडू, लखन्दर सरदार,विष्णु सरदार, अर्जुन सरदार, आनंद सरदार ,गोपाल किस्कु, सुरेश सरदार, आदि उपस्थित रहे।

मप्र में बनेंगे 10 लाख पीएम आवास (शहरी), कैबिनेट ने ड्रोन संवर्धन और सेमी कंडक्टर नीति को भी दी मंजूरी

भोपाल,एजेंसी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने प्रदेश में 10 लाख प्रधानमंत्री आवास शहरी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके अलावा हुकुमचंद मिल इंदौर की भूमि हाउसिंग बोर्ड को दी जाएगी। अंतरिक्ष रजिस्ट्री में 19 करोड़ रुपये लगेंगे। हाउसिंग बोर्ड आवासीय और व्यावसायिक भूमि का उपयोग करेगा। लागत निकालने के बाद नगर निगम इंदौर और हाउसिंग बोर्ड के बीच आधा-आधा लाभांश बंटेगा। इसके साथ ही ड्रोन संवर्धन और सेमी कंडक्टर नीति को भी मंजूरी दी गई है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में बताया कि राज्य सरकार ने इंदौर की हुकुमचंद मिल की 17.52

हेक्टेयर जमीन पर कॉमर्शियल और रेसीडेंशियल आवास निर्माण के साथ बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण को मंजूरी दी है। हुकुमचंद मिल के लिए त्रिपक्षीय समझौते के आधार पर काम किया जाएगा। सरकार इस प्रोजेक्ट में ग्रीनरी पर खास फोकस करेगी। इस मिल की 450 करोड़ रुपये की देनदारी सरकार दे चुकी है। नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री ने अपनी जापान की पांच दिन की यात्रा के अनुभव मंत्रियों के साथ साझा किए। इस दौरान जापान की संस्कृति पर चर्चा हुई। साथ ही मुख्यमंत्री ने भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में जापान द्वारा किए जाने वाले संभावित निवेश की जानकारी दी। बैठक में जीआईएस की तैयारियों से जुड़ी कई नीतियों को मंजूरी दी गई।

नगरीय विकास मंत्री ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जापान भी पार्टनर है। उन्होंने बताया कि भोपाल-इंदौर के बीच मेट्रो रेल प्रौद्योगिकी, स्मार्ट सिटी, शहरी विकास प्लानिंग पर जापान ने सहमति दी है। साथ विशेष चैनल स्थापित करने, हाईस्पीड ट्रेन कॉरिडोर, स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर जापान सहयोग करेगा। कपास से कपड़ा और उससे रेडीमेड गारमेंट बनाने में भी जापान सहयोगी बनेगा। उज्जैन मेडिकल पार्क में यूनिट लगाने, ईवी मैन्युफैक्चरिंग में भी जापान ने सहमति दी है। नई उत्पादन लाइन में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि मंत्रि-परिषद ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की मध्य प्रदेश सेमी कंडक्टर नीति 2025 को मंजूरी दे दी है। इस नीति में इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने पर जोर होगा। कई राज्यों की पॉलिसी का अध्ययन करने के बाद यह नीति बनाई गई है। जीआईएस में दो हजार करोड़ तक का निवेश हो सकता है। रोजगार ज्यादा नहीं मिलता, लेकिन एक ईको सिस्टम तैयार होता है। राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति 2025 को जारी कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था हो या महाकुंभ जैसे आयोजन हों। खेती-किसानी सब जगह ड्रोन काम कर रहा है। किसानों को यूरिया के छिड़काव में भी ये काफी मददगार है। ड्रोन स्कूल, ड्रोन इन्फ्रास्ट्रक्चर, परिचालन, मार्केटिंग सपोर्ट, पेंटेंट, ड्रोन कौशल, ईको सिस्टम समेत अन्य मामलों में ड्रोन नीति को मंजूरी दी गई है। एजुकेशन में भी ड्रोन को शामिल किए जाने पर सरकार का फोकस है। इससे नए अवसर मिलेंगे और प्रदेश के विकास और रोजगार में यह नीति सहायक होगी। नगरीय विकास मंत्री ने बताया कि पीएम आवास योजना के पहले चरण में साढ़े 8 लाख आवास बना चुके हैं।

सातारा में राकांपा नेता के घर पर आयकर का छापा

मुंबई,एजेंसी।

सातारा जिले के राकांपा नेता और विधान परिषद के पूर्व सभापति रामराजे नाइक निंबालकर के दो चचेरे भाइयों के सतारा स्थित घर परआयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार की सुबह छापा मारा। टीम कागज पत्रों की छानबीन कर रही है। खबर है कि आयकर अधिकारियों ने दोनों के मुंबई के कई ठिकानों पर छापा मारा है। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीमों ने शरद पवार की पार्टी राकांपा के नेता और विधान परिषद के पूर्व सभापति रामराजे नाइक निंबालकर के दो चचेरे भाइयों संजीवराजे नाइक निंबालकर और रघुनाथराजे नाइक निंबालकर के सतारास्थित आवास पर सुबह छह बजे छापा मारा। वहां मौजूद सभी के मोबाइल जब्त कर लिये। टीम के अधिकारियों ने पूरे घर की तलाशी ली और दस्तावेज खंगाले।

जानकारी के अनुसार छापे के वक्त संजीव राजे निंबालकर सातारा स्थित अपने घर पर ही थे, जबकि रघुनाथ नाइक निंबालकर पुणे में थे। आयकर विभाग की एक टीम संजीवराजे के घर पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद तमाम कार्यकर्ता उनके घर के बाहर एकत्र हो गए। बताया गया है कि बंगले के अंदर किसी को भी जाने की इजाजत नहीं है। इसी तरह की छापामार कार्रवाई इन सबसे संबंधित अन्य जगहों पर की जा रही है। पुणे में रघुनाथराजे नाइक निंबालकर ने मीडिया को बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि उनके आवास पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। रघुनाथ राजे ने बताया कि उनके आवास पर आयकर विभाग को कुछ मिलने वाला नहीं हैं। वे राजघराने से संबंध रखते हैं, उनका सारा हिसाब किताब सही है। खबर मिली है कि आयकर विभाग की टीम पुणे के इंदापुर में नेचर डिलाइट डेयरी के मालिक अर्जुन देसाई के घर पर छापेमारी कर रही है।

कैंसर के उपचार में पीएम-जेएवाई साबित हो रही मददगार: जेपी नड्डा

नई दिल्ली,एजेंसी।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कैंसर के इलाज कराने में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का लोगों को लाभ मिल रहा है। लैंसेट की रिपोर्ट ने भी इसकी तस्दीक की है। मंगलवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने एक ट्वीट कर कहा कि लैंसेट के प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, पीएम-जेएवाई ने अधिक किफायती उपचार और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ कैंसर देखभाल पहुंच का विस्तार किया। 2018 से कैंसर देखभाल पैकेज 112 से बढ़कर अब 557 हो गए हैं। पीएम जेएवाई के तहत कैंसर के उपचार के लिए ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य देखभाल में अंतर को कम कर रहा है। पीएम-जे एवाई से लाखों लोगों को शीघ्र उपचार हो रहा है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि लैंसेट के अध्ययन से पता चलता है कि एबी पीएम-जेएवाई के तहत समय पर कैंसर उपचार शुरू होने से काफी सुधार

हुआ है। नामांकित मरीजों के 30 दिनों के भीतर कैंसर के इलाज तक पहुंच में 90 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। देरी कम हुई और वित्तीय बोझ कम हुआ। भारत की स्वास्थ्य सेवा के लिए आयुष्मान भारत - पीएमजेएवाई गेम-चेंजर साबित हो रहा है।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री नड्डा ने विश्व कैंसर दिवस पर ट्वीट करके कहा कि हर साल एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाने, समय पर निदान, बेहतर रोकथाम रणनीतियों और प्रभावी देखभाल तक पहुंच की दिशा में वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए एक साथ आते हैं।

इस वर्ष की थीम, %यूनाइटेड बाय यूनिक% के साथ, हम कैंसर पर काबू पाने में एकता की शक्ति और रोगियों का समर्थन करने की साझा जिम्मेदारी को रेखांकित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार कैंसर के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिसमें हर जिले में एक कैंसर डे केयर यूनिट स्थापित करने का निर्णय और महत्वपूर्ण कैंसर दवाओं को सीमा शुल्क से छूट देना शामिल है। इसके साथ ही कैंसर देखभाल और अनुसंधान के लिए एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र का विकास हुआ है।

रेल महोत्सव 2025 का रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समापन

नई दिल्ली,एजेंसी।

राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली में ÷रेल महोत्सव 2025÷ राष्ट्रीय रेल संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया। यह त्रिदिवसीय महोत्सव 01, 02 और 04 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य देश की समृद्ध रेल विरासत का प्रचार व प्रसार तथा कला व संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।

इस महोत्सव का उद्घाटन रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर द्वारा 01 फरवरी 2025 को संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य मां किया गया था तथा आज मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की सदस्य वित्त रूपा श्रीनिवासन, सचिव अरुणा नायर और राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के निदेशक दिनेश कुमार गोयल उपस्थिति में त्रिदिवसीय महोत्सव का समापन किया गया। समारोह में हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण 1909 मे निर्मित

÷पटियाला स्टेट मोनोरेल ट्रामवे÷ (पीएसएमटी) रहा, जिसका संचालन किया गया, जो राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के पास चालू अवस्था में संरक्षित स्टीम मोनो रेल लोकोमोटिव हैं। साथ ही 1862 में बना ऐतिहासिक ÷रामगोटी÷ स्टीम लोकोमोटिव का भी संचालन किया गया, जिससे भारत की प्राचीन रेल विरासत की यादें एक बार फिर ताजा हो गईं।

महोत्सव में हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में वेदिका द्वारा शिव स्त्रोतम का गायन, श्रिया महापात्रा द्वारा ओडिसी नृत्य प्रदर्शन, राहुल खन्ना व समूह द्वारा किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के सौजन्य से आयोजित ÷टेल्स फ्रॉम द ट्रैक्स÷, शोभा द्वारा कथक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा मैहर घराने के मंजीत सिंह व समूह द्वारा मोहक बांसुरी अभिवादन किया गया।

महोत्सव में राष्ट्रीय रेल संग्रहालय द्वारा कई रोचक कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिससे लोग भारतीय रेलवे के अद्भुत इतिहास से जुड़ सके। यह जीवंत महोत्सव सभी के लिए एक अनूठा अनुभव रहा, जो भारतीय रेल के गौरवशाली इतिहास को समझने के साथ-साथ कला और संस्कृति का आनंद दे गया।

हिसार के हवाई अड्डे से भारतीय वायुसेना करेगी लड़ाकू विमानों का संचालन

हिसार,एजेंसी।

हिसार में नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों का संचालन करेगी। इसके लिए भारतीय वायुसेना के 55 अधिकारियों का एक दल मंगलवार को हिसार एयरपोर्ट पहुंचा। इसमें सिरसा वायुसेना से करीब 18 की संख्या में पायलेट दल पहुंचा है। इस दल में अधिकतर पायलेट सिरसा एयरफोर्स स्टेशन से हैं। इसके अलावा एयरफोर्स के अधिकारी भी शामिल हैं। मंगलवार को सिरसा एयरफोर्स स्टेशन से 10 वाहन एयरपोर्ट में गए। इसमें जेट विमानों पर चढ़ने वाली सीढ़ियों से लेकर टेक्निकल सामान शामिल रहा। एयरपोर्ट पर सारा दिन वाहनोंकी आवाजाही रही। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी यहां बैठक की। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां अंदर जाती देखी गई। इसके अलावा एयरपोर्ट के आसपास सफाई भी की गई है ताकि गंदगी से पक्षी ना आएं और जहाजों के उड़ान में किसी तरह की रूकावट ना आए। हिसार एयरपोर्ट पर बनी नई हवाई पट्टी पर वायुसेना का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा, जो 7 फरवरी तक चलेगा।सिरसा वायुसेना स्टेशन के ग्रुप कैप्टन रीतम कुमार इस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। करीब 18 पायलट हिसार पहुंच चुके हैं और यहां प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर वायुसेना स्थानीय प्रशासन के संपर्क में है। प्रशासन ने यहां पायलटों को सुविधाएं मुहैया कराई हैं। पायलट 3 दिन तक एयरपोर्ट के अंदर बने गेस्ट हाउस में रहेंगे। पहले उतर चुका पीएम का बोइंग इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोइंग विमान हिसार एयरपोर्ट पर उतरचुका है। बताया जा रहा है कि यहां भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल जेट विमानोंके साथ रिहर्सल की जाएगी। इससे पहले वायुसेना एक्सप्रेस-वे पर जेट विमान भी उतार चुकीहै। हिसार इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां से सिरसा और अंबाला एयरपोर्ट ज्यादादूर नहीं हैं। हिसार में सेना की एक बड़ी छावनी है। ऐसे में इस एयरपोर्ट को सेना अपनी तैयारियोंके तौर पर भी देख रही है। सिरसा और अंबाला एयरपोर्ट को बैकअप देने के लिए इस एयरपोर्टका इस्तेमाल किया जा सकता है। हिसार एयरपोर्ट का रनवे अभी बना है। यहां से वायुसेनाके पायलट जेट उड़ाकर हिसार से सिरसा और अंबाला के लिए कितनी जल्दी पहुंच सकते हैं, इसकीभी संभावनाएं देखी जाएंगी।

रॉयल भूटान आर्मी के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर रक्षा मंत्री से मिले, द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर की चर्चा

नई दिल्ली,एजेंसी।

भारत की यात्रा पर आये रॉयल भूटान आर्मी के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल बाटू शेरिंग ने मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन्होंने 'पड़ोसी पहले' नीति के अनुरूप द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए भारत से साथ संबंधों पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने भूटान की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए रक्षा तैयारियों का समर्थन किया।

रॉयल भूटान आर्मी (आरबीए) के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर (सीओओ) लेफ्टिनेंट जनरल बाटू शेरिंग ने आज नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। वार्ता के दौरान रक्षा मंत्री ने भूटान की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और भारत की %पड़ोसी पहले% नीति के अनुरूप भूटान की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारत की तत्परता की पुष्टि की। उन्होंने रक्षा उपकरणों और परिसंपत्तियों के प्रावधान सहित रक्षा तैयारियों के लिए क्षमता वृद्धि में भूटान का समर्थन किया।

पश्चिम बंगाल सरकार ने बीएसएफ को दी जमीन, दो और जिलों में होगी सीमा पर बाड़बंदी

कोलकाता,एजेंसी।

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के दो और जिलों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन देने का फैसला किया है ताकि बांग्लादेश से लगती सीमा पर बाड़बंदी और चौकी निर्माण किया जा सके। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार देरशाम तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में नवान्न में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जलपाईगुड़ी जिले के बिन्नागुड़ी में 0.05 एकड़ और मालदा जिले के नारायणपुर में 19.73 एकड़ जमीन बीएसएफ को सौंपी जाएगी। इससे पहले 27 जनवरी को हुई बैठक में सरकार ने नदिया जिले के करीमपुर में 0.9 एकड़ भूमि बीएसएफ को देने का निर्णय लिया था।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में बीएसएफ पर बांग्लादेश से घुसपैठ की अनुमति देने का आरोप लगाया था। वहीं, भाजपा ने तृणमूल सरकार पर सीमा पर बाड़बंदी के कार्य में सहयोग न करने का आरोप लगाया है। इसके बाद बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य सरकार के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की । उस बैठक में बीएसएफ की ओर से सीमा पर बाड़बंदी की जरूरत को लेकर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई , जिसे

मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के तबियत की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ली जानकारी

लखनऊ,एजेंसी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में पहुंचकर निदेशक डॉ.आरके धीमान से श्रीराम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के तबियत की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी ने आचार्य सत्येन्द्र दास के बेहतर उपचार देने के लिए अपनी ओर से चिकित्सकों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने एसजीपीजीआई के एसआईसीयू में भर्ती आचार्य सत्येन्द्र दास के साथ मौजूद सेवादार से तबियत बिगड़ने से जुड़ी जानकारी पायी। इस दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी वार्ड में मौजूद रहे।

उधर अयोध्या में मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना लेकर पंडित कल्कि राम एक हवन कर रहे है, जिसमें वह प्रणव संजीवनी महामृत्युंजय महामंत्र की आहुति दे रहे हैं। उनकी कामना है कि आचार्य सत्येन्द्र दास शीघ्र स्वस्थ्य हो जाये। जानकारी हो कि दो दिनों से श्रीराम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास का एसजीपीजीआई में उपचार हो रहा है। मंगलवार को जारी हुई मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सत्येन्द्र दास की हालत बेहद नाजुक है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम प्रत्येक घंटे पर उनका चेकअप कर रही हैं।

महासागर क्षेत्र में औषधीय पौधों के अनुसंधान पर शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 22 देशों के प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा

लखनऊ,एजेंसी।

भारतीय महासागर क्षेत्र के संदर्भ में औषधीय एवं सगंधित पौधों के अनुसंधान में प्रगति पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) महानिदेशक एवं सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी ने किया। उन्होंने कहा कि औषधीय एवं सगंधित पौधों के सभी पहलुओं को साकार करने विशेष रूप से व्यापार, स्थिरता और भारतीय महासागर क्षेत्र में वैश्विक परिवर्तन के संदर्भ में और साझाकरण में प्रभावी अंतरराष्ट्रीय सहयोग महत्वपूर्ण होगा। इससे भारतीय महासागर क्षेत्र में औषधीय एवं सगंधित पौधों से

संबंधित व्यापार, स्थिरता और वैश्विक परिवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका में भारत का योगदान सुनिश्चित किया जा सके। सी-मैप में आयोजित सम्मेलन में बारह आईओआरए देशों के बाईस विदेशी प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि भारतीय महासागर क्षेत्र में औषधीय एवं सगंधित पौधों के एक केंद्र बिंदु के रूप में डीएसआईआर-सीमैप हमेशा वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ाने और औषधीय व सगंधित पौधों के विभिन्न क्षेत्रों में सदस्य देशों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए तत्पर रहता है। डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने सदस्य देशों द्वारा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने डीएसआईआर.-सीमैप की वैज्ञानिक उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. मोहम्मद रजा संजाबी ने आईओआरए के सदस्य देशों के लाभ के लिए नेटवर्किंग के माहौल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया इस अवसर पर आईआईटी रोपड़ ड्रूटेक्नोलॉजी और इनोवेशन फाउंडेशन (आईहब-अवध) , सुगंध और स्वाद विकास केंद्र कन्नौज के साथ दो समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान भी किया गया। इसके अतिरिक्त %वेस्ट टू वेल्थ% पर एक फार्म बुलेटिन और %वेटिवर आधारित उद्यमिता% पर एक फिल्म का विमोचन भी किया गया।कार्यक्रम में सी एनबीआरआई के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी, सीडीआरआई की निदेशक डॉ. राधा रंगराजन और आईआईटीआर के निदेशक डॉ. भास्कर नारायण भी मौजूद रहे।. देश में एमपी दूसरे नंबर पर रहा है। पीएम आवास योजना 2.0 में देश भर में एक करोड़ मकान बनाए जाने हैं। इसमें से दस लाख आवास एमपी में बनाए जाने हैं। अफोर्डेबल हाउसिंग के साथ अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग के तहत भी इस योजना में आवास बनाकर दिए जाने का फैसला हुआ है। छात्र और कामकाजी महिलाएं यह आवास दिए जा सकेंगे।

सैफ अली खान पर हमले से आरोपित ने शाहरुख के आवास में घुसने की कोशिश की थी: पुलिस

मुंबई,एजेंसी।

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले से दो दिन पहले आरोपित शरीफुल अब्बास ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बांद्रा स्थित आवास में भी घुसने की कोशिश की थी। लेकिन वहां तैनात सुरक्षा रक्षकों की वजह से वह अपने मकसद में नाकाम रहा था। यह जानकारी इस मामले की जांच कर रही पुलिस ने मंगलवार को दिया है। सैफ अली खान पर हुए हमले की जांच कर रहे अधिकारी ने बताया कि शरीफुल ने जांच के दौरान बताया कि उसने शाहरुख खान के आवास मन्नत बंगले में घुसने का प्रयास किया था, लेकिन वह नाकाम रहा। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह शाहरुख का फैन है, इसलिए फिल्म अभिनेता से मिलने के इरादे से वह मन्नत में घुसना चाहता था। मन्नत बंगले में चोरी करने का उसका इरादा नहीं था। उल्लेखनीय है कि आरोपित शरीफुल ने 16 जनवरी को बांद्रा स्थित सैफ अली खान के घर में घुस कर सैफ पर जानलेवा हमला था। पुलिस ने चार दिन की खोज के बाद शरीफुल को ठाणे से ढूंढ निकाला। तब से आरोपित पुलिस कस्टडी में है और उससे गहन पूछताछ जारी है। आरोपित के पिता ने सीसीटीवी में दिखाए गए आरोपित के फुटेज और बाद आरोपित के गिरफ्तार के बाद के फोटो में मिलान न होने का आरोप लगाया था। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल लैब भेजा गया था।

सांसद गिरिराज सिंह ने बजट के आलोक में प्रेस वार्ता की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

बेगूसराय केंद्रीय बजट पेश होने के बाद अपने बेगूसराय दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री व बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने प्रेस वार्ता कर बजट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए अपने बात रखी।

उन्होंने पत्रकारों को कहा कि यह बजट देश की आम आवाम के जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाला है व प्रधानमंत्री जी के समग्र विकास की योजनाओं को फलीभूत करने की दिशा में यह सार्थक एवं सफल साबित होगा। विश्व गुरु बनने की दिशा में भारत के रक्षा, ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण विभागों को मजबूती प्रदान करते हुए मिडिल क्लास के लोगों को समुचित रूप से समाहित करते हुए पेश किया गया है बजट राष्ट्र के उत्थान में एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी कम है जिससे देश की अधिक अधिक आबादी लाभान्वित होगी एवं राष्ट्र उन्नति के मार्ग पर तीव्र गति से आगे बढ़ेगा।

उन्होंने एनडीए शासन काल की तुलना करते हुए कहां की यूपीए की सरकार ने विकास के नाम पर गरीबी हटाओ के नारे तक स्वयं को सीमित रखा जबकि प्रधानमंत्री जी की अगुवाई में देश समग्र विकास के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन की दिशा में भी स्वयं को सिद्ध कर रहा है और लोगों की आर्थिक विपन्नता समाप्त हो रही है जिससे संपूर्ण राष्ट्र में रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं और हर आयु वर्ग के लोग उसे लाभान्वित होकर राष्ट्र निर्माण में अपने महती भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं।

उन्होंने बजट में बिहार को मिले हिस्से पर अपनी बात रखते हुए कहां की प्रधानमंत्री जी की यह सोच है कि बिहार के विकास के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है और उसी अनुरूप उन्होंने बजट में बिहार को भागीदारी दी है जिससे बिहार विकास के तेज रफ्तार से स्वयं को जोड़कर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के लोग जिस बजट को केवल बिहार का बजट बता रहे हैं उनकी मनसा ना तो राष्ट्र के उत्थान में अपनी भागीदारी निभाने में है और ना ही बिहार के प्रति वे संवेदनशील हैं। प्रेस वार्ता में नगर विधायक कुंदन कुमार ,भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन पप्पू सुनील कुमार, मृत्युंजय कुमार वीरेश, राम शंकर पासवान , महामंत्री कुंदन भारती, जिला प्रवक्ता शुभम कुमार युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित सन्नी,छोटे लाल सिंह,आयुष ईश्वर सहित अन्य प्रेस वार्ता में मौजूद थे ।

मैं दलितों, कमजोर वर्गों को हर संस्था में नेतृत्व की स्थिति में देखना चाहता हूं: राहुल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पटनाः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देशव्यापी जाति आधारित जनगणना की अपनी मांग को दोहराते हुए बुधवार को कहा कि वह उस दिन का इंतजार कर रहे हैं जब दलित और कमजोर वर्ग के लोग भारत के हर संस्था में शीर्ष पद संभालेंगे।

गांधी ने यहां स्वतंत्रता सेनानी एवं दलित नेता जगलाल चौधरी की जयंती समारोह में अपने संबोधन में यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संविधान के खिलाफ हैं क्योंकि संविधान दलितों और वंचितों को अधिकारों की गारंटी देता है।

उन्होंने कहा, देश के मौजूदा सत्ता तंत्र और संस्थाओं में दलितों और वंचितों की कोई भागीदारी नहीं है... दलितों, अल्पसंख्यकों और समाज के कमजोर वर्गों की सटीक संख्या का पता करने के लिए पूरे भारत में जाति जनगणना की आवश्यकता है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोट डालने के बाद बुधवार सुबह पटना पहुंचे।

गांधी ने कहा, मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब दलित और कमजोर वर्ग देश की हर संस्था में नेतृत्व की स्थिति में होंगे... और मैं दलितों के हितों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा।

उन्होंने कहा, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आप (दलितों) लोगों के इतिहास का कोई उल्लेख नहीं है। क्या देश में दलित प्रोफेसर परीक्षा के प्रश्नपत्र तैयार कर रहे हैं? उद्योग जगत की बात करें तो नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 25 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया ...यह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का धन है।

गांधी ने कहा, ह्यह्यदेश में 100 रुपये में दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग सभी को मिलाकर हिस्सेदरी 6.10 रुपये है और इसे भी वो छीनने की कोशिश कर रहे हैं ।

नदी में तैरती लाश मिलने से इलाके में सनसनी, पांच माह की थी गर्भवती

राष्ट्र संवाद ,ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

बेगूसराय बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रानी तीन पंचायत के गोला घाट बाया नदी में बुधवार को एक महिला की बदबूदार लाश मिलने की खबर इलाके में सनसनी फैल गई। खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना बछवाड़ा थाना को दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विवेक भारती और पुअनि राहुल पासवान घटना स्थल पर पहुंच कर लाश को बाया नदी से बाहर निकालकर अपने कब्जे में ले लिया। लाश का दोनों पैर रस्सी से बंधा हुआ था। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। भीड़ में लोग तरह तरह की बातें कर रहे थे। कोई इसे हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए नदी में डूबा देने की बात कर रहे थे। मृतक महिला की पहचान रानी 3 पंचायत के वार्ड 2 डोभिया गांव निवासी पप्पू कुमार झा की 22 वर्षीय पत्नी क्षमा कुमारी के रूप मे की गई। लाश की पहचान होने पर लोगो का कहना था कि आठ दिन बीत जाने पर भी हम लोगों को कोई जानकारी नहीं थी। वह बीमार थी और गर्भवती थी। हम लोग समझ रहे थे कि कही उसका इलाज चल रहा है। हिंदू धर्म में मृत्यु के बाद श्राद्ध कर्म किया जाता है। लेकिन श्राद्ध कर्म के किसी भी नियम का पालन नहीं किया गया। मामले का छानबीन करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि नदी में तैरती लाश रानी दो पंचायत के वार्ड दो डोभिया गांव निवासी पप्पू कुमार झा की 22 वर्षीय पत्नी क्षमा कुमारी का है। वह ब्लड कैंसर से पीड़ित थी जिस कारण उनकी मृत्यु हो गई। मृतिका पांच माह की गर्भवती थी जिस कारण लाश दफनाया गया था। इस घटना की जानकारी मृतिका के मायके वालों को भी था।

सड़क हादसे में एक की मौत और आधे दर्जन यात्री गम्भीर रूप से जख़्मी

राष्ट्र संवाद ,ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

ट्रक एवं टेंपों के बीच भीषण टक्कर

बेगूसराय तेज रफ्तार का कहर बेगूसराय में लगातार देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में भीषण टक्कर मार दी। इस हादसे में टेंपो पर सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज शहर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना रिफाइनरी थाना क्षेत्र के मोसादपुर स्थित एनएच 31 के पास की है। मृतक व्यक्ति की पहचान शाम्हो हो थाना क्षेत्र के बिजोलिया निवासी स्व सरयुग सिंह के 65 वर्षीय पुत्र बानो सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग टेंपो पर सवार होकर बेगूसराय से जीरोमाइल की ओर जा रहा थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक संख्या - बीआर 01जीबी -5214 ने मोसादपुर के पास टेंपो गाड़ी नम्बर -बीआर 09पीए-8961 में भीषण टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि टेंपो पर सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को आनन फानन में उसे जगह से उठाकर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है। फिलहाल इस घटना के बाद घटनास्थल पर काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गय। वहीं इस हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल रिफाइनरी एवं सिंघौल थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रिफाइनरी अमरजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में 65 वर्षीय बानो सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गया है। तथा इसके साथ ही फुलवरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बारो वार्ड नंबर -26 निवासी 29 वर्षीय अजीत कुमार, सिंघौल देवानगर उलाव निवासी राम कुमार के 30 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी एवं समस्तीपुर जिला के भगवानपुर चकसेखू बाघोचक वार्ड नंबर -10 निवासी अशोक कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया है। वहीं मृतक 65 वर्षीय बानो सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर लिया जाएगा। सड़क हादसे में एक की मौत और आधे दर्जन यात्री गम्भीर रूप से जख़्मी।

खोदावन्दपुर में प्रतिमा विसर्जन के साथ ही तीन दिवसीय सरस्वती पूजा का हुआ समापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

खोदावंदपुर,बेगूसराय। सरस्वती प्रतिमा विजर्सन को लेकर बुधवार को क्षेत्र के कई सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों से गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गयी, जो विसर्जन शोभायात्रा गांव का भ्रमण करते हुए एस एच 55 से होते हुए बूढ़ीगंडक नदी के विभिन्न घाट पहुंची और विद्या की देवी मॉ सरस्वती की प्रतिमा का आरती उतारी गयी.उसके बाद कलश के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया. प्रतिमा विसर्जन के दौरान युवाओं की टोली बाजे के गीतों पर डांस करती नजर आयी. इस मौके पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर लोगों ने बसन्त ऋतु के आगमन पर प्रसन्नता जतायी. बताते चलें कि प्रखण्ड क्षेत्र के सागी, दौलतपुर, बाड़ा, बरियारपुर पूर्वी, बरियारपुर पश्चिमी, फफौत, खोदावंदपुर एवं मेघौल पंचायतों के गांवों, टोलों व मुहल्लों में सोमवार को प्रतिमा स्थापित कर युवाओं ने मां सरस्वती की विधि विधान से विशेष पूजा अर्चना की. पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया. पूजा पंडालों में भक्ति के गीत गूंजते रहे. पूरा वातावरण भक्तिमय रहा. मंगलवार को प्रतिमा का विसर्जन नहीं कर लोगों ने बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया.

ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंप्लाईज यूनियन ने रेल चिकित्सकों व कर्मियों के बीच बांटे नव वर्ष 2025 के कैलेंडर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

हमारा यूनियन कर्मियों के हित में सर्वदा कृत संकल्पित - कृष्णकांत

बरौनी (बेगूसराय) । नवनिर्वाचित ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंप्लाईज यूनियन टीम के सदस्यों द्वारा बुधवार को वर्ष 2025 पर विशेष प्रकाशित कैलेंडर का वितरण किया गया. यूनियन के कृष्णकांत ने बताया कि रेल नगरी में कैलेंडर वितरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है. नव वर्ष 2025 कैलेंडर के माध्यम से रेलवे कार्यालयों में कार्यरत रेलकर्मियों एवं लाइन व फिल्ड स्टाफ को अवकाश एवं जयंती आदि से संदर्भित तथ्य उल्लेखित है, जिससे दिवस को समझने में कर्मियों को सहज होगी. हमारा यूनियन कर्मियों के हित में सर्वदा कृत संकल्पित है. हमारे यूनियन के लोग कर्मचारियों के मान सम्मान के लिए, जात पात से ऊपर उठकर यूनियन संचालित करते हुए जनहित में काम करते हैं. परिणामस्वरूप रेल मतदाताओं ने प्रचंड मताधिकार का प्रयोग कर इस यूनियन को सेवा का मौका दिया है. गौरतलब हो कि कैलेंडर का वितरण कार्यक्रम का अभियान रेलवे उपमंडलीय अस्पताल गढहरा पहुंचा. जहां उक्त अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक डॉ सचिन कुमार वर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ कमल कुमार भगत, डॉ प्रदीप कुमार सिंह एवं फर्मासिस्ट राजेश कुमार, अरूण कुमार, नर्स ड्यूटी कक्ष, कार्यालय और ओपीडी पंजीकरण लिपिक टुनटुन कुमार के बीच कैलेंडर वितरित की गई. इस वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनियन के कृष्ण कान्त, पप्पू कुमार, नवोद कुमार,रंजीत कुमार,मदन कुमार आदि डटे हैं.

आज कपूरी भवन खोदाबांदपुर के सभागार में जननायक कपूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती पखवाड़ा मनाई जाएगी

राष्ट्र संवाद ,ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

राष्ट्रीय नाई महासभा जिला कमेटी बेगूसराय के नेतृत्व में 6 फरवरी बुधवार को भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की 101 में जयंती समारोह पखवाड़ा धूमधाम से कपूरी भवन खोदाबन्दपुर प्रखंड परिसर में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला के विभिन्न प्रखंड के नेतागण उपस्थित होंगे। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम है जो 11:00 से प्रारंभ होकर 4:00 बजे शाम में समाप्त हो जाएगी। उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय नाई महासभा बेगूसराय के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर रविंद्र कुमार पप्पू ने संवाददाता को दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर खोदाबंदपुर प्रखंड एवं चेरिया बरियारपुर प्रखंड के सैलून कलाकारों के सम्मेलन के उपरांत एक ठोस कमेटी का गठन भी किया जाएगा ।साथ ही साथ कार्यक्रम के अंतिम चरण में नव चयनित सैलून समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को शपथ ग्रहण समारोह भी की जाएगी

कार्यक्रम के अंत में जिला के तमाम पदाधिकारी की उपस्थिति में यह भी फैसला लिया जाएगा की बछवाड़ा प्रखंड के रुदौली गांव में स्थापित जननायक कपूरी ठाकुर की प्रतिमा के साथ जो दुर्व्यवहार किया गया है उसके खिलाफ जिला प्रशासन के सामने आंदोलन भी किए जाएंगे। जिसकी रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके पहले भी हमारी जिला कमेटी जिला प्रशासन एवं जिला के विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं से यह मांग कर चुका है कि ऐसे कुक्कृत करने वाले असामाजिक तत्व को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रशासन के द्वारा अभी तक किसी ठोस नतीजा पर न पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण है इसलिए हम पुनःजिला प्रशासन को आगाह करना चाहते हैं कि यदि ऐसे असामाजिक तत्व को गिरफ्तार करने और सजा देने में थोड़ी भी देर की गई तो हमारा संगठन आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है ।

सार-संक्षेप

अल्फाबेट पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्षव समारोह का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

वीरपुर बेगुसराय थाना क्षेत्र के वीरपुर में संचालित अल्फाबेट पब्लिक स्कूल का बुधवार को वार्षिकोत्षव समारोह का आयोजन किया गया था। जिसकी जानकारी देते हुए अल्फाबेट पब्लिक स्कूल के निर्देशक राकेश कुमार ने बताया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय बेगुसराय सांसद सह केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह और बेगुसराय विधायक कुंदन कुमार थे जिन्होंने फीता काट कर इस वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिवार सहित इस कार्यक्रम में मौजूद बच्चे के अभिभावक को भी धन्यवाद दिया।विद्यालय के वार्षिकोत्षव समारोह में दर्जनों बच्चों को किताब,कॉपी,कलम देकर सम्मानित करते हुए हौसला बढ़ाया। बीच बीच में विद्यालय के कर्मी कुंदन जोशवा ने अपने सुंदर प्रस्तुति और सुरीले आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर विद्यालय के निर्देशक मोहम्मद अदालत,वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, शिक्षक मुकेश कुमार, सहित दर्जनों ग्रामीण और अभिभावक के साथ विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका और बच्चे मौजूद थे।

प्रखंड पंचायत समिति की बैठक नोक झोंक के बीच सम्पन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मंसुरचक बेगूसराय मंसुरचक,05 फरवरी (बेगूसराय) पंचायत समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में हुई.अध्यक्षता प्रमुख जलस देवी ने किया.सदन में सभी सदस्यों ने पीएचडी, बिजली, मनरेगा के कर्मचारी संजय पासवान,जांब कार्ड की समस्याओं पर जब कर सदस्यों ने बरसा.सदस्यों ने पिछली बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारीयों पर भी दुख ब्यक्त करते हुए कड़ी आलोचना किया.बैठक में प्रखंड पंचायत विकास योजना पर विस्तृत चर्चा किया गया.बैठक में बीडीओ सुभाष कुमार,सीओ सुजीत कुमार, मुखिया राममूर्ति चौधरी, धर्मवीर सिंह कुंदन, मोहम्मद इजहार अंसारी, यास्मीन खातून, चन्द्रहांस सिंह सहित अन्य ने संबोधित किया.

थाना अध्यक्ष अमलेश कुमार के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

राष्ट्र संवाद ब्यूरो अशोक कुमार ठाकुर

बेगूसराय एसपी मनीष कुमार एवं डीएसपी डॉक्टर रविंद्र मोहन प्रसाद के निर्देश के आलोक में बुधवार को तेघड़ा थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष अमलेश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार चौक, नेशनल हाईवे 28 चौक , गौड़ा पेट्रोल पंप सहित कई मुख्य चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं कई वाहनों के कागजात में त्रुटि एवं यातायात नियम का पालन नहीं करने के आरोप में जुमार्ना वसूला गया। थाना अध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि बढ़िया अधिकारियों के निर्देश पर आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रतिदिन थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। वाहन चेकिंग अभियान में सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत कुमार, एस आई नवीन कुमार, मनीष कुमार के अलावे विभिन्न पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल के जवान एवं टाइगर पुलिस की सक्रिय भूमिका देखी गई।

यूनिक सरस्वती पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

राष्ट्र संवाद ब्यूरो अशोक कुमार ठाकुर

बेगूसराय सरस्वती पूजा के अवसर पर बुधवार को यूनिक सरस्वती पूजा गौर 1 के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ ही बाल प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। समापन अपराहन के 4:00 किया गया। मौके पर सफल छात्र छात्राओं के बीच पूजा समिति द्वारा पुरस्कार वितरण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान एकल नृत्य के तहत? राम आएंगे..., लुका-छुपी बहुत हुई..., तेरे वास्ते पलक से..., एक तुम ही है यारा... समेत अन्य रिकॉर्डिंग गीतों पर छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रस्तुति दी। इसके अलावा संदेशे आते हैं..., देश रंगीला-रंगीला... गीत पर ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अरे द्वार पालों कन्हैया से कह दो... गीत पर झांकी भी प्रस्तुत की। वहीं छात्र-छात्राओं के बीच लंबी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, जलेबी रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, गणित दौड़, घड़ा फोड़ समेत अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। मौके पर कमेटी अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर, सुजीत कुमार, अमित कुमार, सौरभ कुमार, राहुल कुमार ,विकास कुमार, धर्मवीर कुमार ,वीरेंद्र कुमार गुड्डू ,सोनू कुमार ,पंकज कुमार आदि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार खेलने से भी मानसिक व शारीरिक रूप से तंदुरुस्ती मिलती है। सभी बच्चे खेल के साथ साथ पढ़ाई भी मन लगाकर करें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के दौरान राजलक्ष्मी कुमारी, परिधि कुमारी, कनिका कुमारी, अर्चना कुमारी, अभिषेक कुमार, नवनीत कुमार, अंकित कुमार,समेत दर्जनों विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया।

एनडीए की मजबूती पर डा. प्रवीण कुमार के यहां हुई चर्चा

राष्ट्र संवाद ब्यूरो अशोक कुमार ठाकुर

बेगूसराय विष्णु ट्रामा सेंटर बेगूसराय के प्रसिद्ध ऑथोपेंडिक सर्जन सह जदयू के पूर्व प्रदेश सचिव डा. प्रवीण कुमार से मिलने मंगलवार को उनके क्लिनिक पर लोजपा (रामविलास) के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान औपचारिक मुलाकात के दौरान मिलने पहुंचे। इस अवसर पर बिहार और बेगूसराय जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की मजबूती पर चर्चा हुई। इस अवसर पर लोजपा नेता रविंद्र पासवान, खगड़िया सदर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, जदयू नेता राम अनुराग सिंह, बसंत पासवान आदि उपस्थित थे। चर्चा के दौरान डॉक्टर प्रवीण ने कहा कि बेगूसराय विधानसभा के सातों सीटों पर एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ अपना परचम लहराने के लिए पूरी तैयारी के साथ बुथ जीतो विधानसभा जीतो के तर्ज पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करते हुए। सुंदर, स्वच्छ, साक्षर और रोजगारोन्मुख बिहार के लिए 2025 फिर से नीतीश के लिए लगातार जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

बिना प्रीतम के फागुन का क्या मोल

लक्ष्मी सिंह 'रूबी'

बिना प्रीतम के फागुन का क्या मोल,
प्रेम से प्रस्फुटित किरनों का क्या तोल,
अंग अंग में उमंग है,
ली अंगड़ाई प्रीत ने, जगाई नई रीत पिया,
चिड़ियों की कलरव के साथ,
मिलकर गायें बसंती गीत पिया,
मैं बनकर सुमन मचलती रही,
तेरी बाहों में गिर गिर कर संभलती रही,
जब दिल की धड़कनों ने मचाया शोर,
बन कर बावरी दौड़ी चली आई तेरी ओर,
कोयल की कूक दिल में हुक उठाती,
बैरन विरह में जलती तुझे पास बुलाती,
पल पल पिया तेरी याद सताती,
अब तो आजा हरजाई, मेरी प्रीत तुझे पास बुलाती

किनारा

रीना सिन्हा सलोनी

मछुआरे नें कहा-
लो किनारा आ गया,
तेजी से चप्पू चलाई
और कश्ती लगा दी किनारेङ्घ
समंदर का अंत हुआ,
अब है जमीन की शुरूआत,
उतर आया कश्ती से किनारे पर,
दो कदम चलकर
उसने मुड़ कर समंदर की ओर देखा,
शोर करती लहरें,
हर तरफ पानी ही पानी,
अरे ये क्या?
यहाँ तो जमीन खत्म हो गई
और है समंदर की शुरूआत
ऐसा कैसे हुआ ?
दृश्य कैसे बदल गए ?
समंदर से किनारे को देखने में
और जमीन से किनारे को देखने में
कितना फर्क था,
चीजें वही थीं,
दृष्टि वही,
बस मछुआरे की जगह बदल गई,
नजरिया बदल गया,
शायद इसीलिए
दृश्य भी बदल गएङ्घ
दूर कहीं मिल रहे थे
समंदर और आकाश,
चुप खड़ी थी जमीन,
मछुआरा मुस्कुराकर चल दियाङ्घ

रूपांतरण

शिप्रा सैनी मौर्या

हाँ, वह सिमट कर हो गई बहुत नुकीली,
पत्तियों ने ले लिया काँटों का रूप।
यह आवश्यक भी था, जीने के लिए
परिस्थिति ही ऐसी थी कि,
जहाँ वह पनपी वहाँ बहुत कमी थी,
प्यार स्वरूप पानी की।
रहा सहा प्यार भी तेज धूप में,
वाष्प बनकर हवा में न मिल जाए
इसलिए वह पैनी हो गई।
भले वह खटकती हो सबको
लेकिन थोड़े से प्यार को बचाकर,
जिंदा तो है ।
नागफनी की पत्तियां कहती दिखीं,
आखिर 'रूपांतरण' मरण से सर्वथा श्रेष्ठ है।

उठो जागो हे भारत के वीर

मनीष कुमार पाठक

उठो जागो हे भारत के वीर
माँ भारती तुम्हें पुकार रही,
यंत्रों से थकी शिथिल पड़ी ये धरती,
ये धरती तुम्हें पुकार रही।
तुम भारत की आन बनो,
तुम भारत की शान बनो,
हो कहीं षड्यंत्र दुश्मनों की,
तुम उसे नाकाम करो।
सीना छलनी कर दो तुम उन द्रोहियों का,
जो खाता है इस मिट्टी का,
और हुंकार भरे फिलिस्तीनियों का,
बदल दो भारत की परंपराओं को अब...
की गाल नहीं यह गांधी का,
अब एक थाप पर सौ बजेगा,
यह गाल है अब नए भारत का।
उठो जागो हे भारत के वीर
माँ भारती तुम्हे पुकार रही...
तप से हो या त्याग से
हर स्वप्न साकार करो तुम,
धरती मां के आंगन में
सौभाग्य का संचार करो तुम।
विज्ञान में नई खोज करो तुम,
शिक्षा, संस्कृति की अलख जगाओ,
हर गांव, हर गली हो रोशन
प्रगति का दीप जलाओ तुम।
उठो जागो हे भारत के वीर
माँ भारती तुम्हें पुकार रही..

डायरी है वाचता मन मंदिर

शशि प्रकाश सिन्हा 'सेवी'

डायरी है वाचता मन मंदिर
मेरे अंतर्मन का उथल पुथल
मैं खास तारीख को शख्स था क्या
यह बतलाती है इसकी विवरणी
मेरे प्रतिदिन बदलते क्रम के
अस्तित्व का टंकन या कहूँ की आईना है यह
यदि पीछे मुड़कर देखना चाहूं खुद को आसानी से
तो पन्ने पलट देख लूँ क्षण भर में
देखूँ जब तो लगता है पहचानता हूँ
इस शख्स को पर
वह मेरे आज के बूते से भिन्न लगा
डायरी मेरे बीते उस दिन के बूते के रँग और स्वाद तक का आभास करा जाती है..
मेरे परिवर्तन की सबसे विश्वसनीय पंजीकृत पंचांग है यह
जिसके सौजन्य से भविष्य देखा जा सकेगा गवेषणा कर..

बदलती फितरत के साथ

अभिलाषा

बदलती फितरत के साथ,
बदलता ईमान देखा है ।
हां मैं इंसान के रूप में,
बहुत सा हैवान देखा है ।
ना उम्र की लिहाज ,
ना बड़े या छोटे होने का,
एहसास देखा है ।
बेशर्मों की तरह ,
बदतमीजी करते,
कई बार देखा है ।
हां मैं ने इंसान के रूप में ,
अपनों को ही डसते,
नाग को देखा है।
ना दूसरों की परवाह ,
न समाज की चिंता ,
बेपरवाहों की तरह ,
दूसरों का जीवन ,
करते बर्बाद देखा है ।
हां मैं ने इंसान के रूप में ,
कई हैवान देखा है।
बदलती नजरों के साथ ,
बदलता उनका,
व्यवहार देखा है ।
हां मैं ने इंसान के रूप में ,
बाज देखा है ।

ऐ दिल

शोभा किरण

वक़्त भी वक़्त का मारा हुआ है।
अकलमंद कितना भी हो,
हर शख्स,दिल से हारा हुआ है।
जिंदगी रोशन करने वाले ने,
रोशनी पर परदा डाल रखा है।
नादान दिल ने उन्हें फिर भी ,
इसी दिल में संभाल रखा है।
सिसक पड़ते थे कभी जो मेरी इक आह पर,
अब पलटते भी नहीं चीख और कराह पर।
नया बदलाव हर दिन नया परिवर्तन है।
खुशी गम का मिश्रण, यही तो जीवन है।
कभी कोई दिल की गहराई में उतरता है।
कभी कोई दिल से उतर जाता है।
फूलों की यारी भी हवाओं के संग,
थपकी पर झूमने वाला,
हल्की चोट से बिखर जाता है।
है फरेब की दुनिया,
न किसी पर ऐतबार है।
हर कदम पर मिले धोखा,
नाम उसी का प्यार है।
उठ रहा सीने में दर्द हल्का हल्का है।
कुसूर किसी का नहीं, किस्मत का सिक्का खोटा है।
रिस्ते,नाते दोस्ती यारी चाहत सब व्यापार है।
इस आधुनिकता पर लानत,
एक बार नहीं सौ बार है।
हम खड़े हैं उसी राह पर,सरेराह छोड़ने वाले।
है आस कर दोगे जहां रोशन ,
बेवजह दिल तोड़ने वाले।
पिलाई थी अमृत की चंद बूंदे जिसने,
वही शख्स आज दिये जहर जाता है।
किस राह पर लड़खड़ाता चला है तू,
ऐ दिल संभल जरा किधर जाता है?

राम सबके मन में है

पुनम सिंह

कहीं गीता के ज्ञान में ,
रामायण वेद पुराण में,
इस धारा के कण कण में,
सनातन के जीवन में हैं
राम सबके मन में हैं ।
सनातनियों के आराध्य में,
हम सभी के साध्य में ,
धर्मों और आध्यात्म में,
आशा की मूरत में हैं
राम सबके मन में है।
हर्ष सनातनियों के रक्त में ,
कहीं उनके जुनून में,
हिंदुओं के पुरुषार्थ में,
तो उनके सामर्थ्य में,
राम सबके मन में है।
सनातनियों के शाश्वत में,
हिंदुओं के सत्य, दया,
क्षमा में, अंधकार में उजियार में,
हर धर्मो में है,
राम सबके मन में है।
राम ही आत्मा में है,
राम ही मृत्यु में है,
राम ही जप,तप,यम में है,
सत्य में और प्रकृति में,
सनातनियों की पुकार में ,
हिंदुओं के हुंकार में है,
राम ही जीवन में हैं ,
राम सबके मन में हैं ।।

एक कोशिश और

नवीन कुमार अग्रवाल

रात घनी,
हो घना अंधेरा,
मन उदास हो,
चाहे तेरा।
मत कर शोर,
होगी भोर,
एक कोशिश और।
चलते हैं जो,
गिरते हैं वो,
उठ उठ कर फिर,
चलते हैं वो,
नहीं छोड़ते,
नहीं तोड़ते,
वो कभी,
उम्मीद की डोर,
तू भी,
लगा फिर से जोर,
एक कोशिश और।
व्यर्थ नहीं यें अश्रुजल,
करते हैं,
मन को निर्मल,
विपदा छाई,
हो घनघोर,
मगर नहीं,
तू कमजोर।
मत कर शोर,
होगी भोर,
लगा फिर से जोर,
एक कोशिश और,
बस,
एक कोशिश और।

माँ

वसंत जमशेदपुरी

माँ,दया है,करुणा है,
ममता की मूरत है
माँ इस सृष्टि में सबसे खूबसूरत है
बीज की सारी संभावनाएँ
तभी होतीं हैं साकार
जब उसे मिलता है
मिट्टी का प्यारे
नवजात पहचानता है
माँ को उसकी गंध से
जब तक रहता है माँ के आगोश में
भूला रहता है सारे द्वंद्व को
माँ के तनिक भी बिछोह से
वह रोता है,चीखता है,चिल्लाता है
और उसका सुखद स्पर्श पाते ही
चुप हो कर सो जाता है
आखिर क्या है माँ में ऐसा
जादू की झप्पी जैसा
माँ के हाथों में
ईश्वरीय आभास है
सुरक्षा का अहसास है
माँ के आँचल की छाँव में
बच्चा निश्चिंत हो कर सोता है
और सबसे बड़ी बात ये कि
माँ के होते हुए
आदमी कभी बूढ़ा नहीं होता है

गीत सृजन

संगीता मिश्रा

मेरे गीतों में मेरे छंदों में तुझे राम मिलेंगे सुन लेना,
मेरी बगिया में मेरे फूलों में तुझे राम मिलेंगे चुन लेना।
राम ही बसते सृष्टि में ,
राम बसें है दृष्टि में,
रेणुका के कण कण में,
तेरे ही मन दर्पण में,
कोमल मन से बचपन में,
राम मिलेंगे शवकों में,
शीश भरत के शोभे थे जो,
उन उन चरणों के पादुको में राम मिलेंगे सुन लेना।
गीतों में, मेरे छंदों में मेरे राम मिलेंगे सुन लेना।
मेरी बगिया में, मेरे फूलों में मेरे राम मिलेंगे चुन लेना।
तेरे मेरे अंतर्मन में,
इन घड़ियों के क्षण क्षण में,
पावन अक्षत के कण कण में,
राम औषधि राम दया में,
राम त्याग अनुराग में,
पाप मिटातें वीरों के,
अस्त्रों में और शस्त्रों में,
और संतों के वचनों में,मेरे राम मिलेंगे सुन लेना,
मेरे गीतों में मेरे छंदों में तुझे राम मिलेंगे सुन लेना,
मेरी बगिया में मेरे फूलों में तुझे राम मिलेंगे चुन लेना।
सूर्य चन्द्र में, और निशा में,
सात सुरों में, आठ दिशा में।
डाल पात में, वन वन में,
राम वृद्ध में, यौवन में।
और हमारे आदर्शों में मेरे राम मिलेंगे सुन लेना।
मेरे गीतों में मेरे छंदों में तुझे राम मिलेंगे सुन लेना,
मेरी बगिया में मेरे फूलों में तुझे राम मिलेंगे चुन लेना।
माँ शबरी के बेरों में,
केवट के संग लहरों में,
नभ में खग में और अतल में,
मृग में भव के सागर में,
जल में थल और वितल में,
सरयू के बहते कल कल में।
प्राणों में, और साँसों में मेरे राम मिलेंगे सुन लेना,
मेरे गीतों में मेरे छंदों में तुझे राम मिलेंगे सुन लेना,
मेरी बगिया में मेरे फूलों में मेरे राम मिलेंगे चुन लेना।

बारहमासा और महादेवी वर्मा...!!

निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी

चैत माहे बाल रूपम, कहाँ मौसम का हुआ आभास प्रिय,
कोयल वैशाख में गाती जब, लोरी का हुआ तब आभास प्रिय।
बाला से कब जेठ हो गई, आषाढ़ की पहली बूंद पड़ी,
हरियाली सावन की आई, भादो का हुआ आभास प्रिय।
मैं पावन अश्विन कार्तिक सी, शरद ने दस्तक दिया तभी।
अर्चना, पूजा सी निखरी, तन चंदन सा हुआ आभास प्रिय।
चंचलता मन के आंगन में, हाथपाँव अंकुश में लगते,
मार्गशीर्ष ने जो पहनाया, संस्कारों का हुआ आभास प्रिय।
पौष, माघ की ठिठुरन संकोची, उष्ण हृदय में स्पंदन,
फूट रहा था अंकुर पतझड़ में, रीता जीवन हुआ आभास प्रिय।
रंग, बिरंगा फाल्गुन भर गया, स्वप्न प्रियवर मधुर मिलन के,
बार बार दर्पण को देखी, मधुमास का हुआ आभास प्रिय।
यौवन का पहला वसंत, आकुल हृद में था वास किया,
खिल उठा था तब उपवन, प्रणय का हुआ आभास प्रिय।
मैंने दर्पण भी था देखा, हर कोना रचा उसने था,
जब मुझसे विमुख हुए तुम, जीवन रिक्त हुआ आभास प्रिय।
हे प्रियवर! कुछ मुझसे कहते, कुछ तुम मेरी भी सुनते...!
प्रीत का अंकुर फूट चुका था, विरह का हुआ आभास प्रिय।
आधा जीवन, आधी शक्ति, पूरा ही संसार मिला,
अन्तस सिंचित हर कोना, कोतल का हुआ आभास प्रिय ।

पतंग

दीपक वर्मा दीप

अपनी ही
धुन में मगन।
उड़ चली मेरी पतंग,
इस धरा से उस गगन।
खैंच? दी उसने
व्योम के बीचों-बीच
एक रंग-बिरंगी लकीर।
हँस रहा दिनमान,
मुस्कुरा रहा समीर।
नृत्य करती डोर,
कभी इस छोर
तो कभी उस छोर।
झूमता मन मयूर।
तोड़ कर
इंद्रधनुष का गुरूर।
छीनकर
आसमानी रंगों पर उसका,
एकछत्र अधिकार!
इधर बेचारा इंद्रधनुष
बहुत परेशान है।
क्योंकि उसका मानना है कि,
सिर्फ उसका ये
आसमान है।
फिर कहां से आई
ये रंग बिरंगी मतवाली पतंग!
लूटने को सरेआम,
मेरे मन की शांति।
पतंग ने मुस्कुरा कर कहा,
मेरे प्रिय भाई,
हैप्पी मकर संक्रांती।
और कृपया दूर कर लो
अपने मन की भ्रांति।
किसी को कमतर दिखाना,
नहीं स्वभाव हमारा है।
हमारा आसमान में
उड़ना,झूमना,घूमना
और कुछ नहीं,
बस हमारी सभ्यता-संस्कृति का
एक खूबसूरत नजारा है।
पर हम अभी कुछ दिन में
रंग बिखेर कर
वापस चले जाएंगे,
ये वादा हमारा है,
फिर तुम सालों भर
बिंदास राज? करना,
ये पूरा आसमान तुम्हारा है।

गणतंत्र हैं हम

पद्मा प्रसाद 'विन्देश्वरी'



देश की जनता जोश में आओ,
देशभक्ति की अलख जगाओ,
आज देश का अमृत महोत्सव,
जन-जन में खुशियों का उत्सव।
नमन है देश के तिरंगे को,
वीरों और शहीदों को,
जिसने देश की शान की खातिर,
मर-मिटने की कसमें खाईं।
गणतंत्र हुआ जब देश हमारा,
देश का अपना संविधान बना,
जन-गण-मन का उद्घोष हुआ,
सबको मौलिक अधिकार मिला।
पूर्णरूपेण स्वतंत्र हुए हम,
इस मातृभूमि की मिट्टी में,
अमर प्रेम भारत माँ की शान का,
जन-जन में सबकी आन का।
हमसब अपनी स्वतंत्रता की खातिर,
भारत माँ का सम्मान करेंगे,
अखंडता और एकता का मान रखेंगे,
जन-गण-मन का मान रखेंगे।
लहराता रहे तिरंगा हमारा,
हम सबका अभिमान तिरंगा,
देशवासियों से हैं वादा,
गूंजे मधुमय राष्ट्रगान हमारा ।

कार्य मंजुल कर दिखाना है

रीना गुप्ता श्रुति

कार्य मंजुल कर दिखाना है
हमें कुछ कार्य मंजुल कर दिखाना है।
दिखाकर प्रीत हर जीवन सजाना है।।
हृदय से द्वेष घृणा को मिटा करके।
जगत में प्रेम की गंगा बहाना है।
मिटे जग से तिमिर सारा अविद्या का।
सदा ही ज्ञान का दीपक जलाना है।।
हमेशा दीन को रोटी खिला करके।
नगर इक प्रीत का अब तो बसाना है।।
नए रिश्ते बनाने से नहीं होता।
पुराने आज नाते को निभाना है।।
नयन अब पोंछ कर आँसू भरे सारे।
खुशी का पुष्प हर मन में खिलाना है।।
हटा दुर्भावना प्रत्येक मन से अब।
हवा सद्भावना का श्रुति चलाना है

मैं

सुस्मिता मिश्रा

गूढ़ रहस्य सी हू मैं
मुझसे अनभिज्ञ हैं बहुतेरे
न कोई समझा न कोई देखा
अंतर्मन में झांककर मेरे
अपनी खुशी अपने तक रखती
अपने गम अपने ही सहती
निज इच्छाओं की कब्र पे
पर इच्छा के महल बनाती
काश मेरे मनोभावों को
बिन कहे कोई समझता
अरमानों की फटी यह चादर
स्नेह धागे से कोई सीता
थी हरदम से अपनी आस
समझने वाला कोई हो खास
अपनी इच्छा से जीने की चाह
चलना चाहूं नई एक राह
पर एक कदम बढ़ाती हूं तो
पिछले कदम रुक जाते हैं
सदियों से जकड़ी दासता को
तोड़ नहीं वे पाते हैं।

यह जो जिंदगी की किताब है

मनीष सिंह 'वंदन'

यह जो जिंदगी की किताब है
कभी आदाब, कभी इंकलाब है ।।
हरेक पन्ने की अपनी कहानी है
थोड़ी बंद थोड़ी खुली नकाब है ।।
महबूबा की भूरी आँखों जैसी
थोड़ी दवा है.....थोड़ी शराब है ।।
इसको कुछ यूँ समझिए मित्रों
यही वासिल है, यही आसाब है ।।
रंग बदलने की वजह से जिंदगी
कहीं तालाब है कभी दोआब है ।।
सपाटबयानबाजी कभी फैंटेसी
एक सवाल का कई-२ जवाब है ।
मूंगफली के कच्चे दानों सरीखी
थोड़ी अच्छी है, थोड़ी खराब है ।।
और भला क्या-२ कहूँ ₹वंदन₹
बेमिसाल जिंदगी लाजवाब है ।।

प्रकृति

ममता कर्ण मनस्वी

प्रभात में उगती सूरज की लाली
चुमें धरती हर साख कि डाली
चिड़िया करती करलव
लगती प्रकृति बड़ी सुहानी ।
खेतों में किसान का हल
नदियों में पानी का कलकल
फूलों कि फिर खुलती घुंघट
तब लगती प्रकृति बड़ी सुहानी ।
विशाल अटल अमर पहाड़
खनिज संम्पदा का भंडार
इतराती इठलाती सागर
भारत माँ का सम्पूर्ण श्रृंगार
प्रकृति कितना सुन्दर लगता है ।
हवा की मंद बयार
झरना कि सुन्दर धार
खेतों में लहलहाते फसल
नदियों में पानी का कल कल
तब प्रकृति कितना सुन्दर लगता है।
अस्ताचल सूर्य का प्रकाश
रंग बदलते आकाश
नभ में छाये लालीमा बादल
चिड़ियों कि लयबद्ध कतार
तब प्रकृति कितना सुन्दर लगता है

हिंदी हैं अभिमान हमारी

प्रेमलता ठाकुर

हिंदी तू तो भाग्यवान जन जन की श्रीवाणी है।
प्रकृति और शक्ति सूत्र की संघर्षों भरी रवानी है।
राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक मौलिक चिंतन ज्ञानी है
भाषागत सौंदर्य है तुझमे मूल्यवत्ता विज्ञानी है!
संघर्षशक्ति का वर्तमान तू सुंदर सपनो की धानी है
प्रगतिशील चेतना तुझसे रिश्तों की पहचानी हैं
ज्ञान विज्ञान से संपन्न विरासत के प्रति समर्पित भी
तुझसे ही अभिव्यक्ति पाती संघर्षो की शक्ति भी!
प्रगतिशील विचारों की वाहिका संघर्षो का प्रतिफल
संस्कृति विरासत को समर्पित दर्प और ज्ञान बल है,
अनेकता में एकता विविध रंगों की अनुभूति कराती
अनेक बोलियों के बीच रिश्तों की पहचान कराती, !

नींव

छाया प्रसाद

रिश्तों के नींव इतने सशक्त हो,
जैसे शैल अडिग स्थिर अरूहक।
ढह ना जाय,इमारत रिश्तों की,
हो चाहे रार,तकरार,बे बातों की
शाखाऐं हो कोमल हरित
विपुल,विमल और ललित।
बड़े बुजुर्ग है जड़ो के जैसे
प्रेम प्यार से सिचों ऐसे,
पेड़ों को सिंचते हो जैसे।
कुछ अनदेखा हो,
कुछ अनकहा,
कुछ अनसुना हो,
जिजीविषा तीव्र हो,
संकुल रिश्तें,
सिराज से चमक उठेंगे।

देशभक्ति

किरण कुमारी 'वर्तनी'

झंडा ऊंचा लहराएंगे।
व्योम भेदकर फहराएंगे।।
वीरों की कथा सुनाएंगे ।
उस पथ पर चलते जाएंगे।।
पढ़ो इतिहास वीरों की।
गाथा गाओ बस धीरो की।।
माटी से जो खुशबू आती।
बलिदानी की याद दिलाती।।
वीरों से ही शान तिरंगा।
माटी का कण-कण है गंगा।
धरणी आगे शीश झुकाओ ।
भारत की जयकार लगाओ।।
धर्म -जाति पर लड़ना छोड़ो।
भेद-भाव का बंधन तोड़ो।।
प्रेम देश से करते जाओ।
और नहीं यूँ रक्त बहाओ।।

राष्ट्रीय दिवस

सुखबीर कौर

हमारा देश आजाद, आजाद हम
पर हमारी मानसिकता है, अभी भी गुलाम
भेदभाव जातीयता में बांट दिया इंसान
याद करो उन सूरमाओं को
जिसने भाईचारे के खातिर
खुद को किया बलिदान
गांधी जी ने अहिंसा का दीप जलाया
पर अंग्रेजों ने ना इसको अपनाया
उनका देख हिंसात्मक तौर तरीका
देशभक्त, मातृभक्त वीरों ने भी
खुद को ना रोका
आजादी के खातिर लगा दी जान
और देश के लिए हो गए कुर्बान
भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव ने
अपने प्राणों को दिया वार
आजादी की खातिर
गले लगाया फांसी का हार
चंद्रशेखर जिसका परिचय था आजाद
अंग्रेजों को मार गिराया
अंतिम गोली से खुद को किया निजात
सुभाष चंद्र बोस ने
अपना परपंच लहराया
तुम मुझे खून दो
मैं तुम्हें आजादी दूंगा
खुद को किया निर्वासित
भारत को आज आजाद कराया
बाल गंगाधर तिलक,वल्लभभाई पटेल
कुंवर सिंह,सरोजिनी नायडू और झांसी की रानी ने भी
अपने खूब तेवर दिखाये
फिरंगियों से लड़ते-लड़ते
उन्होंने अपने प्राण गवाए
याद कर शहीदों की कुर्बानी
हम सब का दिल भर आया
जिसने हमें अपने
कर्तव्यों की ओर ध्यान दिलाया
अमानवता, भ्रष्टाचार औरअनैतिकता को
दूर भगाने का संकल्प करवाया
यूँही नहीं हमने
स्वतंत्र एवं गणतंत्र दिवस मनाया

देश भक्ति

उषा झा

सीने पर गोली सहे, अपने वीर जवान।
गर्व सदा इनपर हमें, सब को है ये भान।।
भारत माँ के लाल ये, माँ का प्यारा पूत।
धन्य उनके कोख हुईं, जिसने जने सपूत ।।
बलिदानों की ये धरा , धन्य हमारा देश।
बलि बलि जाऊं मैं सदा, आऊं इस परिवेश
सुभाष ,आजाद व भगत,सब भारत के शान।
मातृ भूमि जिनके लिए ,दिये जिन्होंने जान।।
मातृभूमि की सौ हमें, इन पर हो अभिमान।
अपने शहिदों का करें, मिल कर के सम्मान।।

प्रस्तुति